जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 20 संख्याः 04 प्रभात जालोर, शनिवार 12 अप्रैल, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## ए.आई.सी.सी. डैलीगेट्स निराश रहे कि पार्टी के ''रिवाइवल'' के लिये कोई ठोस कार्यक्रम प्रस्तुत नहीं हुआ

### डैलीगेट्स को शिकायत रही कि कई राज्यों में संगठन मृत प्राय: है, ब्लॉक स्तर से ऊपर तक पदाधिकारी नियुक्त नहीं किये गये हैं तथा विधानसभा व लोकसभा के चुनाव भी हो गये, पर, संगठन में पद खाली के खाली हैं

- डैलीगेट्स को यह शिकायत है कि संगठन के सारे निर्णय केवल एक समूह ले रहा है, जो राहुल गांधी के नज़दीक होने का दावा करता है। इस समूह का नेतृत्व, के.सी. वेणुगोपाल कर रहे हैं।
- उदाहरण के लिये, पंजाब के प्रभारी आलोक शर्मा ने हाईकमान के समक्ष जानकारी प्रस्तुत की कि पंजाब के प्रदेशाध्यक्ष राजा वड़िंग सक्रिय नहीं हैं तथा पंजाब की पूर्ण इकाई उनके खिलाफ है।
- पर, जैसे ही ए.आई.सी.सी. के सत्र के बाद, राहुल गांधी रणथम्भौर के लिये प्रस्थान कर गये, आलोक शर्मा को पंजाब के प्रभारी के पद से हटा दिया गया।
- ऐसा कहा जा रहा है कि यह निर्णय के.सी. वेणुगोपाल व मल्लिकार्जुन खड़गे की पहल पर लिया गया है तथा राहुल गांधी को पूरा व अंधा विश्वास है, वेणुगोपाल पर।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 अप्रेल। एआईसीसी का अहमदाबाद अधिवेशन एक ऐसे संगीन और निर्णायक समय पर आयोजित हुआ है, जब कांग्रेस को आगामी समय में अनेक विवेचनात्मक एवं संकटपूर्ण मुद्दों पर अपने विचारों और स्थितियों की धार तेज करनी पड़ेगी।

पार्टी के बहुत से नेताओं और कार्यकर्ताओं को इससे निराशा हुई है कि कांग्रेस पार्टी ने संगठन में नये प्राण फूंकने की आवश्यकता पर न तो कोई विशेष जोर ही दिया गया और न गहन चर्चा की। अधिवेशन में एकत्र हुये प्रतिनिधिगण चाहते थे कि संगठन पर विशेष रुप से ध्यान दिया जाये, पूरा फोकस किया जाये। विभिन्न राज्यों के एआईसीसी सदस्यों ने साफ तौर पर स्वीकार किया कि उनके राज्यों में, संगठन मृतप्राय स्थिति में है, ब्लॉक स्तर से ऊपर के पदाधिकारियों की नियुक्तियाँ नहीं हुई हैं तथा पार्टी पदाधिकारियों की नियुक्ति के बिना ही, पार्टी ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़े हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे संगठन को पुनर्व्यवस्थित करने तथा उसमें नई जान डालने की आवश्यकता पर बोले थे, और यही एकमात्र बिन्दु था, जिसने वहाँ एकत्रित प्रतिनिधियों में एक नई ऊर्जा और नवीन उत्साह का संचार किया था।

लेकिन राहुल गांधी का भाषण बहुत से प्रतिनिधियों के लिये निराशाजनक सिद्ध हुआ।

राहुल की सोच पर सवार जातिगत जनगणना का अतिरेक, तथा नरेन्द्र मोदी, अडानी और अम्बानी पर राहुल के प्रहार एवं तेवर, राहुल के भाषणों में अनेक बार सुने- देखे जा चुके हैं। लेकिन जिला अध्यक्षों को सशक्त करने तथा उन्हें और ज्यादा अधिकार देने के अलावा, संगठन के बारे में उनके भाषण में और कुछ खास नहीं था।

अनेक प्रतिनिधियों का कहना था कि संगठन को पुनर्व्यवस्थित करने तथा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'सेवारत शिक्षकों को भी एलएलबी परीक्षा में शामिल करें'

- हाई कोर्ट ने गोविन्द गुरु विश्वविद्यालय बांसवाड़ा को निर्देश दिये।

जयपुर, 11 अप्रैल। राजस्थान हाईकोर्ट ने विभाग की अनुमति लेकर एलएलबी पाठ्यक्रम में शामिल हुए शिक्षकों को 16 अप्रैल से आरंभ हो रही एलएलबी परीक्षा में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने गोविंद गुरु ट्राइबल विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा के वीसी और परीक्षा नियंत्रक से जवाब तलब किया है। जस्टिस दिनेश मेहता की एकलपीठ ने यह आदेश जगदीश चन्द्र व्यास व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता राजकीय विद्यालयों में शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने विभाग के विभिन्न परिपत्रों और आदेशों के अनुसरण में गोविंद गुरु ट्राइबल विश्वविद्यालय से एलएलबी करने के लिए शिक्षा विभाग में आवेदन कर अनुमति मांगी। विभाग ने याचिकाकर्ताओं को सांध्यकालीन कक्षाओं की अनुमति देते हुए एलएलबी पाठ्यक्रम करने की छूट दे दी। इसके चलते याचिकाकर्ता ने अपनी ड्यूटी के बाद कक्षाओं में शामिल होकर एलएलबी की पढाई की और उनकी कक्षा में उपस्थिति भी पूर्ण रही। वहीं गत वर्ष उन्होंने एलएलबी प्रथम वर्ष की परीक्षा भी पास कर ली है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'राणा का ''एक्स्ट्राडिशन'' भाजपा की चाल है अपनी सरकार की कमियों से ध्यान हटाने के लिये'

### कन्हैया कुमार की इस टिप्पणी पर महाराष्ट्र में कांग्रेस के गठबंधन के साथी शिव सेना (यूबीटी) ने भारी आपत्ति जताई

- शिव सेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि कन्हैया कुमार को ध्यान रखना चाहिए कि वे क्या कह रहे हैं। चतुर्वेदी के अनुसार, राणा का प्रत्यर्पण (एक्स्ट्राडिशन) एक स्वागत योग्य व प्रशंसनीय घटना है तथा राणा को मुम्बई के प्रमुख चौराहे पर सूली पर लटकाना चाहिये, आतंकवादियों को संदेश देने के लिए। प्रियंका चतुर्वेदी ने आशा भी व्यक्त की कि भारत सरकार डेविड कोलमैन हैडली को भी ''एक्स्ट्रडाइट'' कराकर भारत लायेगी।
- शिव सेना (यूबीटी) के प्रवक्ता, संजय राउत ने भी इस लय में टिप्पणी की, पर, यह जरुर जोड़ा कि भाजपा बिहार चुनाव से पूर्व राणा को फांसी देकर राजनीतिक लाभ लेना चाहेगी।
- कांग्रेस जरुर यह दावा कर रही है कि मनमोहन सिंह की सरकार के डेढ़ दशक की इन्टैलिजेंस व कानूनी मशक्कत का नतीजा है कि राणा को भारत सरकार, भारत ला सकी तथा राणा के ''एक्स्ट्रडिशन'' में भाजपा सरकार की कोई भूमिका नहीं है और न ही प्रत्यर्पण भाजपा सरकार के श्रम का फल है।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 अप्रेल। मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण (एक्स्ट्राडिशन) ने महाराष्ट्र का राजनीतिक संतुलन बिगाड़ दिया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार की इन टिप्पणियों पर आपत्ति जताई है कि राणा का प्रत्यर्पण भाजपा की चाल है, सरकार की असफलताओं से ध्यान हटाने की।

एन.सी.पी. के साथ-साथ शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र में गठबंधन सहयोगी हैं।

कुमार की टिप्पणियों को ''दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक'' बताते हुए चतुर्वेदी ने राणा के प्रत्यर्पण को एक बहुत बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि कन्हैया कुमार को ''ध्यान देना चाहिए कि वे क्या बोल रहे हैं।'' चतुर्वेदी ने कहा कि तहव्वुर राणा को तो मुंबई के प्रमुख चौराहे पर फांसी पर लटका देना चाहिए। जिससे आतंकवादियों को संदेश मिले।'' उन्होंने आगे कहा, वे उम्मीद करती हैं कि भारत सरकार अब डेविड कोलमैन हैडली के प्रत्यर्पण की मांग भी करेगी। एक वक्तव्य में, चतुर्वेदी ने कहा, ''राणा की वापसी प्राथमिकता थी, न कि ध्यान भटकाने की कोई चाल।'' चतुर्वेदी ने मांग की कि कन्हैया कुमार अपना वक्तव्य वापस लें।''

शिव सेना-यूबीटी प्रवक्ता संजय राउत ने अधिक सूक्ष्म रूख अपनाया। उन्होंने कहा, वर्ष के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अन्नामलाई की इस्तीफे की खबर पाने के बाद ही अन्नाद्रमुक नेता प्रैस कॉन्फ्रैंस के लिये रवाना हुए

### अमित शाह व अन्नाद्रमुक के पूर्व मु.मंत्री पलानीस्वामी ने प्रैस कॉन्फैंस में दोनों पार्टियों के गठबंधन की घोषणा की

- अमित शाह ने एलान किया कि यह गठबंधन स्थायी होगा तथा पलानीस्वामी इस गठबंधन के मुखिया होंगे।
- अमित शाह ने भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अन्नामलाई की भूरी-भूरी प्रशंसा की और विश्वास दिलाया कि पार्टी अन्नामलाई की प्रतिभा व अनुभव का राष्ट्रीय स्तर पर उपयोग करेगी।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 अप्रेल। जैसा कि पिछली रिपोर्टों में संकेत दिया जाता रहा है, भारतीय जनता पार्टी और ऑल इंडिया द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, राज्य सरकार से ''भ्रष्ट द्रमुक'' को बाहर करने के लिये, में फिर से गठबंधन हो गया है।

अन्नाद्रमुक अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री इडापल्ली पलानीस्वामी की उपस्थिति में खास तौर से बुलाई गई प्रैस कॉन्फ्रैंस में गठजोड़ की घोषणा करते हुये, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह एक स्थायी तथा ऐसा गठबंधन है, जो भ्रष्ट द्रमुक को राज्य की सत्ता से बाहर कर देगा।

लेकिन ये दोनों राजनैतिक दल, जिनका पहले भी गठजोड़ था, का एक साथ आना तभी संभव हुआ है, जबकि अन्नामलाई तमिलनाडु भाजपा इकाई के अध्यक्ष पद से हट गये हैं।

गठबंधन की घोषणा के समय, राज्य भाजपा इकाई के नये तथा तेरहवें अध्यक्ष के रूप में नागेन्द्रन नैनार का ''चुनाव'' कमोबेश अंतिम रूप ले चुका था, क्योंकि वे राज्य भाजपा इकाई के अध्यक्ष पद के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। वे अन्नाद्रमुक सरकार में मंत्री रह चुके हैं तथा इस समय राज्य विधानसभा में भाजपा दल के नेता हैं।

अन्नाद्रमुक सूत्रों के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष इडापल्ली पलानीस्वामी ने प्रैस कॉन्फ्रैंस स्थल तभी सुनिश्चित किया, जब यह स्पष्ट हो गया कि अब भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष कोई नया व्यक्ति होगा। अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के लिये भाजपा के साथ गठजोड़

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आत्महत्या के लिए उकसाने वाले पति को दस साल की सजा

- दो बार पुत्रियों के जन्म के बाद अभियुक्त ने अपनी पत्नी को इतना प्रताड़ित किया कि उसने 4 साल की बेटी के साथ आत्महत्या कर ली।

जयपुर, 11 अप्रैल। महिला उत्पीड़न मामलों की विशेष अदालत, महानगर द्वितीय ने दो बेटियों को जन्म देने के कारण पत्नी को प्रताड़ित करने तथा उसे अपनी चार साल की बेटी की हत्या कर स्वयं आत्महत्या करने के लिए उकसाने वाले अभियुक्त पति मुकेश निठारवाल को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने अभियुक्त पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी आशुतोष कुमावत ने अपने आदेश में कहा कि आज के युग में कई क्षेत्रों में लड़कियां, लड़कों की तुलना में अच्छा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल गांधी को दूसरे दिन भी टाइगर दिखा

### रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान के प्रवेश द्वार पर उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ फोटो खिंचवाई



*कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों निजी यात्रा पर रणथंभोर में हैं। शुक्रवार सुबह उन्होंने टाइगर सफारी का लुत्फ लिया। गुरुवार को भी उन्हें टाइगर की अठखेलियां दिखाई दीं, जिसकी उन्होंने खूब तस्वीरें लीं।*

सवाईमाधोपुर, 11 अप्रेल। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सवाईमाधोपुर की यात्रा पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को भी सुबह की पारी में विश्व प्रसिद्ध रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण किया और बाघ बाघिन की अठखेलियों का आनंद लिया।

उन्होंने रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान के प्रवेश द्वार पर कांग्रेस कार्यकर्ता छुटन मीणा के साथ फोटो भी खिंचवाई। मीणा सवाईमाधोपुर गणेशधाम पर रणथम्भौर के टी शर्ट, कैप व हैंडीक्रॉफ्ट बेचते हैं। शुक्रवार को सुबह राहुल गांधी रणथंभौर के ज़ोन 2 व ज़ोन 3 में टाइगर सफारी के लिए गए। ज़ोन 2 में बाघिन रिद्धी अपने शावकों के साथ नजर आई। ज़ोन 3 में बाघिन टी 84 ऐरोहेड अपने शावकों के साथ अठखेलिया करती हुी नज़र आई।

इससे पहले गुरुवार को भी राहुल गांधी ने सुबह -शाम दोनों समय टाइगर सफारी का आनंद लिया। गुरुवार सुबह ज़ोन 3 के गूलर वन में बाघिन सिद्धी अपने शावकों के साथ दिखाई दी, और शाम को ज़ोन 2 में बाघिन टी 84 ऐरोहेड शावकों के साथ अठखेलिया करती हुई दिखी। इसी दौरान शिवराज एनीकट वन में उन्हें एक बाघिन शावकों के साथ शिकार करती हुई नज़र आई। राहुल ने इसकी तस्वीरें ली।

राहुल गांधी की इस यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पार्क में उनके भ्रमण के दौरान सुरक्षा के चाक-

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पुलिस ने लाठी चार्ज व ''वॉटर कैनन का उपयोग किया, कांग्रेस के प्रदर्शन पर

### कन्हैया कुमार को भी हिरासत में लिया, प्रदर्शन को मु.मंत्री नीतीश कुमार के निवास तक पहुँचने से रोकने के लिये

- 16 मार्च से कन्हैया कुमार, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पदयात्रा का नेतृत्व करते हुए गत बृहस्पतिवार को पटना पहुँचे थे।
- उनकी पदयात्रा का नारा था, ''पलायन रोको, नौकरी दो।'' पटना पहुँचकर पदयात्रा के दौरान जनता से मिले संदेशों को मु.मंत्री तक पहुँचाने के लिये वो मु.मंत्री निवास जा रहे थे।
- सचिन पायलट ने कन्हैया कुमार के प्रदर्शन को मु.मंत्री निवास के लिये रवाना होने से पूर्व संबोधित किया और कहा,''बिहार के युवाओं का बिहार सरकार के ऊपर से विश्वास उठ गया है तथा अब यह युवा तैयार है, बिहार सरकार को उचित जवाब देने के लिये।''

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 अप्रेल। बिहार पुलिस ने पटना में मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च कर रहे कांग्रेसियों को रोकने के लिए उन पर लाठीचार्ज किया और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। इस घटना ने कांग्रेस, जो अपने संगठन को फिर से खड़ा करने की कोशिश में जुटी है, को एक मुद्दा थमा दिया है।

कांग्रेस के नेता कन्हैया कुमार व एनएसयूआई के अन्य नेताओं को प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किया गया।

कन्हैया कुमार, जो एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी भी हैं, हज़ारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ''पलायन रोको नौकरी दो'' यात्रा निकाली यात्रा 16 मार्च को शुरु हुई थी और विभिन्न जिलों में होते हुए गुरुवार को पटना पहुंची। उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा, वे लोगों की तरफ से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना चाहते थे।

मुख्यमंत्री कार्यालय से मुलाकात का समय नहीं मिला तो कन्हैया कुमार ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन करने का निर्णय किया। शुक्रवार दोपहर बाद जैसे ही पार्टी नेता व कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय से निकले पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन का प्रयोग किया और कन्हैया कुमार तथा एनएसयूआई के अन्य नेताओं को गिरफ्तार कर लिया।

एक वायरल वीडियो क्लिप में डिटेन्शन में पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए कन्हैया कुमार ''हम होंगे कामयाब---'' गीत गाते हुए दिख रहे हैं।

कन्हैया ने कहा, ''जहाँ भी हम रहेंगे न्याय के लिए आवाज उठाएंगे चाहे सड़क पर हो, घर में हो या जेल में हो। अब सिर्फ दो ही संभावनाएं हैं या तो हमें मुख्यमंत्री से मिलने दिया जाए ताकि हमें उन्हें अपनी मांगे बता सकें या फिर हमे जेल भेज दिया जाए। जेल में भी हम अपनी आवाज़ उठाएंगे और मांगे बताएंगे।''

एक्स पर पोस्ट किए अपने संदेश में कुमार ने कहा, पुलिस युवाओं को पकड़ कर कोतवाली थाना ले गई पर उनकी आवाज नहीं दबा पाएगी।

मार्च से पूर्व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान सिंह, पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और कन्हैया कुमार ने एक प्रैस कॉन्फ्रैंस की।

उन्होंने कहा बिहार के युवा को अपने सपने पूरे करने के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है राज्य में अच्छे शैक्षणिक वातावरण का अभाव है इसलिए युवाओं को पर्याप्त अवसर नहीं मिलते हैं। राज्य में जब से जद (यू) भाजपा गठबंधन बना है बिहार की हालत बद से बदतर होती गई है।

सचिन पायलट ने कहा, ''बिहार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

किसी भी हालत में अपनी शक्ति पर अभिमान मत कर, यह बहरूपिया आसमान हर घड़ी हजारों रंग बदलता है। - हाफ़िज़

# साहूकारी ब्याज आज भी बड़ी समस्या

आजादी के 78 साल होने को है पर गांवों में आज भी गैर संस्थागत स्रोत से ऋण प्राप्त करने वाले ग्रामीणों में से बहुत बड़ा प्रतिशत ऐसे ग्रामीणों का है जिन्हें 40 से 60 प्रतिशत तक की दर से ब्याज चुकाना पड़ता है। हांलाकि पिछले एक दशक में बैंकिंग और संस्थागत ऋण सुविधाओं में तेजी से विस्तार हुआ है। जन धन खातों और संस्थागत ऋण के साथ ही सभी तरह के सरकारी अनुदान की राशि का सीधे खातों में हस्तांतरण से बैंकिंग सेवाएं अब गांवों के लिए दूर की बात नहीं रही। पर इस सबके बावजूद तात्कालिक आवश्यकता व विशेष परिस्थितियों में ग्रामीणों को ज्यादातर रिश्तेदारों, परिचितों, साहूकारों, मित्रों या फिर गैर सरकारी संस्थाओं से ऋण लेना होता है और फिर इन त्रणों पर जो ब्याज लिया जाता है। वह ऋणी की कमर तोड़ने के लिए प्रर्याप्त है। इन हालात में प्रेमचन्द का गोदान का समय हो या आज का कोई खास अंतर देखने को नहीं मिलेगां यह आज का यथार्थ है।

नाबार्ड की हाल ही मार्च, 25 में जारी रिपोर्ट से जहां इस बात का संतोष होता है कि ग्रामीण क्षेत्र में संस्थागत ऋण प्रवाह का दायरा बढ़ा हैं वहीं यह भी चिंताजनक हालात सामने आये हैं कि गैरसंस्थागत स्रोतों से जरुरत के समय कर्ज प्राप्त करने वाले ग्रामीणों में से करीब साढ़े सात फीसदी लोगों को 50 फीसदी से भी अधिक ब्याजदर से कर्ज चुकाना पड़ रहा है। इससे यह साफ हो जाता है कि एक बार गैरसंस्थागत स्रोत से कर्जदार बने तो फिर कर्ज के मकड़जाल से निकलना असंभव नही ंतो बहुत ही मुश्किल भरा होगा। नाबार्ड की रिपोर्ट को ही आधार मानकर चले तो सितंबर, 24 में जुटाये आंकड़ों के अनुसार 17.6 फीसदी लोग अपनी रुपये पैसे की तात्कालीक जरुरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्रोतों पर निर्भर है। हालाकि इसमें करीब साढ़े तीन फीसदी का सुधार है पहले 21.1 प्रतिशत ग्रामीण अपनी ऋण जरुरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्रोतों पर निर्भर थे। फिर भी हमारी ग्रामीण संस्कृति की इस खूबी की सराहना करनी पड़ेगी कि आज भी 31.7 प्रतिशत रिश्तेदार या परिचित ऐसे हैं जो दुःखदर्द में भागीदार बनते हैं और ऐसे समय में उपलब्ध कराये गये रुपये पैसे पर किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। हांलाकि रिश्तेदारों या परिचितों से इस तरह की रुपये पैसे की आवश्यकता कुछ समय के लिए ही होती है और समय पर लौटा दिया जाता है। यह भी नाबार्ड द्वारा जारी रिपोर्ट से ही उभर कर आया है।

दरअसल चाहे ग्रागीण हो या शहरी तात्कालीक आवश्यकताएं आ ही जाती है जिनके लिए तत्काल रुपये पैसे की आवश्यकता होती है। अन्य कोई सहारा नहीं देखकर व्यक्ति इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रिश्तेदार, परिचित, साहूकार, दोस्त, कमीशन एजेंट या रुपये पैसे उधार देने वाले लोगों के सामने हाथ पसारते हैं। अब इनमें से एक बहुत बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो व्यक्ति की मजबूरी का फायदा उठाने में किसी तरह का गुरेज नहीं करते और हालात यहां तक हो जाते हैं कि मजबूरी का फायदा उठाते हुए 50 से 60 प्रतिशत तक ब्याज लेने में किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं दिखाते। हांलाकि ऐसे लोगों का प्रतिशत या संख्या कम है। पर इसे सिरे से नकारा नहीं जा सकता। रिपोर्ट के अनुसार ऋण लेने वाले करीब 40 फीसदी ग्रामीणों को 15 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक के बीच में ब्याज का चुकारा करना पड़ता है।

0.9 प्रतिशत को 60 प्रतिशत या इससे अधिक तो 6.6 फीसदी को 50 प्रतिशत से अधिक की ब्याजदर पर लिए गए ऋणों का चुकारा करना पड़ता है। इससे साफ हो जाता है कि आजादी के 75 साल बाद भी सूदखोरों को बोलबारा बरकरार है। हांलाकि संस्थागत ऋणों में भी यदि हम पर्सनल लोन की बात करें तो वह भी करीब 15 से 20 प्रतिशत पर बैठता है और यदि किसी कारण से कोई किश्त बकाया रह गई तो फिर पेनल्टी दर पेनल्टी का सिलसिला काफी गंभीर व कर्ज के मकड़जाल में फंसाने वाला हो जाता है।

**एक बात और शहरों और ग्रामीण इलाकों में कुछ लोगों या संस्थाओं द्वारा दैनिक आधार पर पैसा कलेक्शन करने और दैनिक आधार पर ही ऋण देने का कार्य किया जाता है। इस तरह के लोगों या संस्थाओं द्वारा भले ही दैनिक आधार पर दस रुपये के ग्यारह रुपये शाम को देना आसान लगता हो पर इस किश्त का चूकना और मासिक आधार पर गणना की जाये तो यह बहुत मंहगा होने के साथ ही जरुरतमंद लोगों की मजबूरी का फायदा उठाने से कम नहीं है। रोजमर्रा का काम करने वाले वेण्डर्स इस तरह की श्रेणी में आते हैं।**

एक बात और शहरों और ग्रामीण इलाकों में कुछ लोगों या संस्थाओं द्वारा दैनिक आधार पर पैसा कलेक्शन करने और दैनिक आधार पर ही ऋण देने का कार्य किया जाता है। इस तरह के लोगों या संस्थाओं द्वारा भले ही दैनिक आधार पर दस रुपये के ग्यारह रुपये शाम को देना आसान लगता हो पर इस किश्त का चूकना और मासिक आधार पर गणना की जाये तो यह बहुत मंहगा होने के साथ ही जरुरतमंद लोगों की मजबूरी का फायदा उठाने से कम नहीं है। रोजमर्रा का काम करने वाले वेण्डर्स इस तरह की श्रेणी में आते हैं।

खैर यह अलग बात है पर कहने को चाहे 40 प्रतिशत ही हो पर इनके द्वारा 20 प्रतिशत से 60 प्रतिशत की ब्याजदर से ब्याज राशि वसूलना किसी भी तरह से सभ्य समाज के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। हांलाकि देश में संस्थागत ऋण उपलब्धता बढ़ी है पर आज भी ताजा रिपोर्ट के अनुसार 17.6 प्रतिशत ग्रामीणों का साहूकारों या अन्य स्रोतों पर निर्भर रहना उचित नहीं माना जा सकता। यदि ब्याज दर 20, 30, 40 या 50 प्रतिशत होगी तो प्रेमचंद के गोदान या इसी तरह की साहूकारी व्यवस्था व आज की व्यवस्था में क्या अंतर रह जाएगा। इतना जरुर है कि रिश्तों की डोर आज भी मजबूत है और इसकी पुष्टी नाबार्ड की रिपोर्ट करती है कि ग्रामीण क्षेत्र में 31.7 प्रतिशत कर्जदार रिश्तेदारों और परिचितों पर निर्भर है और यह लोग रिश्तों का लिहाज करते हुए जरुरत के समय एक दूसरे का रुपया पैसा देकर सहयोग करते हैं और बदले में किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। आने वाले समय में भी हमें रिश्तों की इस डोर को मजबूत बनाये रखना होगा और सरकार को आगे आकर एक सीमा से अधिक ब्याज वसूलने वालो पर सख्ती दिखानी होगी। सूदखोरी के इस मकड़ जाल को नष्ट करना ही होगा।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## राशिफल शनिवार 12 अप्रैल, 2025



पंडित अनिल शर्मा


चैत्रमास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा तिथि, शनिवार विक्रम सम्वत 2082, हस्त नक्षत्र दिन 6.08 तक, व्याधान योग रात्रि 840 तक, विष्टिकरण सायं 4.37तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** - सूर्य-मीन, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कर्क, बुध-मीन, गुरु-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में संचार करेगा।


यमघट योग सूर्योदय से सायं 6.08 तक है। भद्रा सायं 4.37 तक रहेगी। आज चैत्र पूर्णिमा सत्यपूर्णिमा है वैशाख स्नान आरम्भ होगा। आज श्री हनुमान जन्मोत्सव, मन्वादि, सर्वदेव दमनोत्सव है जैन ओली समाप्त होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7.44 से 9.14 तक, चर 12.28 से 2.02 तक, लाभ-अमृत 2.02 से 5.11 तक


**राहूकालः** 9.00 से 10.30 तक सूर्योदय 5.56 सूर्यास्त 6.53

### मेष


व्यक्तिगत पारिवारिक परेशानियां दूर होने लगेगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा । विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

### वृष



परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### मिथुन



घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधायें बडेगी। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा सम्भव है।

### सिंह


आर्थिक-वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक अनुबन्ध प्राप्त होंगे।

### कन्या



व्यावसायिक सम्पर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। परिवार में आपसी सहयोग समन्वय बना रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा सम्भव है।

### तुला



घर- गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भाग-दौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### वृश्चिक



आर्थिक-वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सोच विचार हो सकता है।

### धनु


व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता-सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अथितियों का आगमन रहेगा।

### मकर


व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर परिवार में धार्मिक सामाजिक समारोह संपन्न हो सकते हैं।

### कुंभ



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### मीन



परिवार में आपसी सहयोग समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में मनोरंजन मौजमस्ती के कार्यक्रम बन सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# संत पीपाजी ने धर्म की अलख जगाई

## 12 अप्रैल को पीपा जयन्ती पर विशेष.........



मिश्रीलाल पंवार



राजस्थान के झालावाड़ से थोड़ी दूर गागरोन गढ़ नाम का एक सम्रद्धशाली नगर था। करीब सात सौ वर्ष पूर्व वहां नरेश कड़वा राव खिंची राज करते थे। राजा कड़वा राव खिंची दानवीर तथा धर्मार्थ प्रवर्ती के कुशल साशक थे। आदि देवी माता भगवती के परम भक्त थे। साधु संतों की सेवा में सदैव तत्पर रहते। उनकी पत्नी का नाम "लक्ष्मीवती " था। वे भी पति की भांति धार्मिक संस्कारों वाली महिला थी। एक बार रानी की तबीयत बिगड़ी। राज्य वैद्य ने जांच के बाद बताया कि महारानी जी गर्भ से है। वैद्य राज की बात सुनकर पूरे महल में खुशियां छा गई। नौ माह बाद चैत्रीय पूर्णिमा को शंख बजाने लगे। मन्दिरों ढोल, नगाड़े और घंटियां भी बज उठी। देवतागण आकाश मार्ग में पुष्पों की वर्षा करने लगे। अचानक ही महल से एक शिशु के रोने का स्वर सुनाई दिया। पता चला महारानी जी ने एक तेजस्वी पुत्र को जन्म दिया है। देवतागणों ने पुष्प वर्षा कर नवजात शिशु का स्वागत किया। सूखे कुएं और तालाब मीठे पानी से लबालब हो उठे। मुरझाए पेड़ पौधे खिल उठे। पूरे गागरोन वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। घर घर दीपक जलाए गए। महाराजा ने दास दासियों को उपहार देने के लिए खजाना खोल दिया। दाईयों ने बताया कि इतना तेजस्वी और सुंदर शिशु हमने आज तक नहीं देखा। राज पंडितों ने ज्योतिष शास्त्रों का अध्ययन कर राजकुमार का नाम प्रताप सिंह रखने की सलाह दी। राज ज्योतिषी के बताए अनुसार विधि विधान से राज कुमार का नामकरण किया गया। इस मौके देश भर के क्षत्रिय राजाओं को आमंत्रित किया गया। क्षत्रिय कुल के राजाओं ने शिशु को हीरे मोती से जड़े उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी। ज्योतिषियों ने बताया कि राजकुमार संसार में आपका नाम रोशन करेंगे।

राजकुमार प्रताप सिंह बचपन से ही तेज तर्रार थे। उच्च राजसी शिक्षा-दीक्षा के साथ इनकी रुचि आध्यात्म की ओर भी थी। बचपन से ही साहित्य व कला प्रेमी थे। अपनी कुलदेवी में गहरी आस्था थी। वे मां भगवती से प्रत्यक्ष बातें करते थे। युद्ध कौशल में उनका कोई जवाब नहीं था। इस प्रकार धीरे-धीरे समय गुजरता रहा। राजकुमार युवा हुए तो उनके लिए रिश्ते आने लगे। अनेक राजाओं ने अपनी कन्याओं के वर के रूप में प्रतापसिंह को पसंद कर लिया।

इस प्रकार 11 राजकुमारियां उनकी जीवन संगिनी बनी। उन्हीं दिनों युवराज प्रताप सिंह किसी समारोह में भाग लेने टोडारायसिंह नगर गए। वहां हर तरफ प्रताप सिंह की चर्चा होने लगी। प्रताप सिंह को कोई एक बार देख लेता तो उन पर से नजरें हटने का नाम ही नहीं लेती। उनके चेहरे पर सूर्य सा तेज और चन्द्रमा जैसी शीतल आभा दिखाई देती। चलते थे तो लगता था सिंह चला आ रहा है। टोडारायसिंह के नरेश डूंगरसिह की एक पुत्री थी। जिसका नाम पद्मावती था। पद्मावती धार्मिक संस्कारों वाली कन्या थी। टोडारायसिंह के नरेश डूंगरसिह ने प्रताप सिंह को देखा तो मन ही मन सोचने लगे कि उनकी लाडली बिटिया के लिए प्रताप सिंह से बढ़कर कोई दूसरा वर नहीं मिल सकता। इधर शहर भ्रमण के दौरान नगरवासियों ने राजकुमार प्रताप सिंह को देखा तो उन्हीं की चर्चा होने लगी। धीरे धीरे दासियों के द्वारा यह बात राजकुमारी पद्मावती तक पहुंच गई। दूसरे ही दिन राजकुमारी पद्मावती ने भी समारोह में प्रताप सिंह को देखा तो देखती रह गई। वह मन ही मन राजकुमार प्रताप सिंह को अपना वर मान बैठी।

कुछ दिनों के बाद टोडारायसिंह नगर के नरेश डूंगरसिह ने गढगागरोन के महाराजा कड़वा राव को रिश्ते का संदेश भेजा। महाराजा कड़वा राव ने भी सुन रखा था कि टोडारायसिंह के नरेश डूंगरसिह की पुत्री पद्मावती अत्यंत ही सुंदर, सुशील व धर्मपरायण कन्या है। कुछ औपचारिक व्यवहार के बाद प्रताप सिंह का पद्मावती का लग्न कर दिया गया। महाराजा प्रताप सिंह अपनी सभी रानियों से समान रूप से स्नेह रखते थे। मगर सीता से विशेष स्नेह था। क्योंकि महारानी सीता धर्म परायण तथा पतिव्रता नारी थी। उन दिनों गागरोनगढ़ में हर तरफ खुशियां छाई हुई थी। मगर यह खुशियां अधिक दिन तक नहीं रह सकी। एक दिन राजा कड़वाराव का अचानक ही निधन हो गया। हर तरफ मातम छा गया। उस समय राजकुमार प्रताप सिंह की उम्र मात्र 20 वर्ष की थी। सभी राजदरबारियों ने सभा कर जेष्ठ पुत्र प्रताप सिंह के राज्याभिषेक करने का निर्णय ले लिया। महाराजा कड़वा राव के देहांत के बाद संवत 1400 में युवराज प्रताप सिंह का गागरोन के राजा के रूप में राज्याभिषेक हुआ। राजपाठ संभालने के कुछ ही समय में उनकी एक कुशल शासक के रूप में पहचान बन गई। उनके राज काल में गागरोन किला एक समृद्ध रियासत बन चुका था। इधर मालवा के मुस्लिम शासकों की बुरी नजर इस पर पड़ी। वे गागरोनगढ पर फतह करने की योजनाएं बनाने लगे।

मुस्लिम शासकों ने गागरोन जीतने की मंशा से हमला किया तो प्रताप सिंह ने उनकी सेना को मुंह तोड जवाब ही नहीं दिया बल्कि खदेड़ खदेड़ कर मारा। फिरोजशाह तुगलक, मलिक जर्दफिरोज व लल्लन पठान जैसे योद्धाओं को पराजित कर पूरे भारतवर्ष में अपनी वीरता का लोहा मनवाया। बाद में मुस्लिम शासकों के मन में प्रताप सिंह के नाम का ऐसा खौफ बैठा कि पलट कर गागरोन की तरफ देखा तक नहीं। कुछ समय बाद महाराजा प्रताप सिंह ने संसारिक राजपाठ तथा संसारिक मोह-माया का त्याग कर दिया। पति के साथ ही सबसे छोटी रानी पद्मावती ने भी संन्यास ले लिया। जगद्गुरु रामानंदाचार्य ने प्रताप सिंह को पीपा तथा पद्मावती को सीता नाम प्रदान किया। जगद्गुरु रामानंदाचार्य से दीक्षा लेकर दोनों जगत कल्याण के लिए देशाटन पर निकल पड़े। भारतभर का भ्रमण करते लोगों में धर्म की अलख जगाई।

**-मिश्रीलाल पंवार, जोधपुर**

# 'समय आ गया है, हम अपने फूड प्रोडक्ट्स को न्यूट्रिशनल वैल्यू के आधार पर वर्गीकृत करें'

## केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को सार्वजनिक क्षेत्रों में उनके नवाचारों और योगदान के लिए डी. लिट की मानद उपाधि से नवाजा

■ जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय की ओर से 20वां दीक्षांत समारोह आयोजित

■ समारोह में 101 मेधावियों को स्वर्ण पदक और 97 को पीएचडी उपाधि प्रदान की

**उदयपुर, (कासं)।** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने शुक्रवार को जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित 20 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि अमृत पीढ़ी को विकसित भारत के निर्माण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, एआई-बेस्ड जीनोम सीक्वेंसिंग, रोबोटिक्स, इंफॉर्मेशन साइंसेज, डेटा साइंसेज, ऑटोमेशन और मेंटल हेल्थ जैसे क्षेत्रों में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी।





समारोह में मेवाड़ राजपरिवार के डॉ. लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ को एमबीए की डिग्री में स्वर्णपदक प्रदान किया।

शेखावत ने कृषि के क्षेत्र भावी संभावनाओं और प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत में अब भोजन को मात्र मात्रा में नहीं, बल्कि उसकी न्यूट्रिशनल वैल्यू के आधार पर मापा जाना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम अपने फूड प्रोडक्ट्स को न्यूट्रिशनल वैल्यू के आधार पर वर्गीकृत करें। आने वाले समय में भारत की शहरी आबादी का आधा हिस्सा अपना भोजन घर में नहीं, बल्कि इंडस्ट्री से प्राप्त करेगा फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में भारत अब भी पीछे हैं, हम कुल उत्पादन का मात्र 2 फीसदी ही प्रोसेस कर पा रहे हैं।

कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने विद्यापीठ की विकास यात्रा को बताते हुए कहा कि तीन रूपये एवं पांच कार्यकर्ताओं से स्थापित इस संस्थान ने आज वटवृक्ष का रूप ले लिया है जिसका सालाना 60 करोड़ का बजट है और 10 हजार से अधिक विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययनरत है। उन्होंने संस्थान के सफलता का श्रेय विवि के समर्पित कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक उत्थान भी है इसलिए दीक्षांत समारोह के दौरान विद्यार्थियों को यह संकल्प दिलाया जाता है कि वे सत्य और न्याय के मार्ग पर चलेगे, समाज और राष्ट्र की सेवा करेंगे, अपने ज्ञान का उपयोग सद्भाव और मानवीय मूल्यों के विकास के लिए करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन ने बताया कि अतिथियों द्वारा पीएचडी धारकों को उपाधियां एवं विभिन्न स्नातक-स्नातकोत्तर परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस अवसर पर 97 पीएचडी धारकों को उपाधियां प्रदान की गई जिसमें 65 छात्राएं और 101 मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए, जिसमें 65 छात्राएं शामिल है। समारोह की शुरुआत में केंद्रीय मंत्री को एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत एवं एमपीयूएटी के कुलपति प्रो. अजित कुमार कर्नाटक ने भी समारोह को संबोधित किया। कुलाधिपति प्रो. भंवरलाल गुर्जर ने कहा कि समय के साथ शिक्षा के स्वरूप में भी बदलाव करना होगा। रोजगार देने वाली शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली ने बताया कि समारोह के विशेष आकर्षण के रूप में केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को सार्वजनिक क्षेत्रों में उनके नवाचारों और योगदान के लिए डी. लिट की मानद उपाधि से नवाजा गया। उपाधि प्रदान करते समय सभागार तालियों से गूंज उठा। शेखावत ने इस मौके पर संस्था के सामाजिक सरोकरों और सामुदायिक कार्यों को प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर मेवाड़ राजपरिवार के डॉ. लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ को एमबीए की डिग्री में स्वर्णपदक प्रदान किया गया। कर्नल विनोद कुमार बांगरवा को भी पीएचडी प्रदान की गई।

समारोह में विधायक दिप्ति माहेश्वरी, निवृति कुमारी मेवाड़, अशोक मेतवाला, डॉ. रशिम बोहरा, भाजपा के जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, पूर्व विधायक बी. एल. चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, वरिष्ट भाजपा कार्यकर्ता प्रमोद सामर, पारस सिंघवी, कुलदीप सिंह, डॉ. सपना श्रीमाली, सोम जारोली, प्रतीक वर्मा, अनिल हरकावत, अजय डांगी सहित विद्यापीठ के डीन, डायरेक्टर सहित शहर कि गणमान्य नागरिक और विद्यार्थी मौजूद थे।

# तेज आंधी ने पाटन कस्बे और आसपास के इलाकों में तबाही मचाई, सैकड़ों पेड़ गिरे

■ कई घरों और दुकानों की छतों से टिनशेड उड़कर दूर जा गिरे

**पाटन, (निसं)।** शुक्रवार शाम करीब छह बजे अचानक आई तेज आंधी ने पाटन कस्बे और आसपास के इलाकों में जमकर तबाही मचाई। तेज रफ्तार हवाओं ने सैकड़ों पेड़ों को धराशायी कर दिया, वहीं कई घरों और दुकानों की छतों से टिनशेड उड़कर दूर जा गिरे। तेज आंधी के चलते कस्बे के कई इलाकों में बिजली के पोल और तार टूट गए, जिससे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। विशेषकर धांधेला रोड पर एक विशाल नीम का पेड़ बीच सड़क पर गिर गया, जिससे काफी समय तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। स्थानीय लोगों ने मिलकर पेड़ को हटाया, तब जाकर रास्ता सुचारु हो पाया।



पाटन सहित आसपास में तेज रफ्तार हवाओं ने सैंकड़ों पेड़ों को धराशायी कर दिया।

कुछ इलाकों में दीवारें भी आंधी के दबाव से दरक गईं। दुकानदारों का कहना है कि उनके प्रतिष्ठानों में रखे सामान को भी नुकसान हुआ है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कई कच्चे मकान आंधी की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पोल और तारों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है, परंतु देर शाम तक अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी। स्थानीय प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान सतर्क रहें और बिजली के टूटे तारों व पेड़ों के पास जाने से बचें।

## हनुमानगढ़ में मेघ गर्जन के साथ बारिश हुई

**हनुमानगढ़, (निसं)।** यहां शुक्रवार को नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में अचानक बदलाव आया। सुबह से चल रही हवाओं के कारण लोगों को गर्मी का कम एहसास हुआ। दोपहर में आसमान में बादल छाए और मेघगर्जन के साथ तेज हवाएं चलीं। हल्की बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी।

तेज हवाओं के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कई घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

हनुमानगढ़, संगरिया और पीलीबंगा क्षेत्र में गर्जना के साथ हल्की बारिश और बूंदाबांदी हुई। इससे मौसम सुहावना हो गया। पिछले एक सप्ताह से जिले में लगातार गर्मी का प्रकोप बना हुआ था। इससे विशेषकर दोपहिया वाहन सवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले 1-2 दिन तक कुछ क्षेत्रों में दोपहर बाद मेघ गर्जन और आंधी-बारिश की संभावना है। विभाग ने चेतावनी दी है कि 14 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त हो जाएगा। इसके बाद एक बार फिर से हीट वेव की स्थिति बन सकती है।

# ज्योतिबा फुले की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

**जालोर**, (कासं)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष की हिंदू युवा संगठन संस्था की ओर से शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फूले उद्यान वीराम नगर में महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

संस्था कोषाध्यक्ष मंगलाराम सांखला ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू युवा संगठन संस्थान की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया I कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते निवर्तमान सभापति गोविंद टांक उपस्थित थे। वही अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के नाते समाजसेवी पन्नालाल सोलंकी, भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, भाजपा नेता दिनेश महावर उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में ममता माली, दिनेश बारोट, सुशीला सैन, गीता बारोट, सुरेश सुंदेशा, हीराराम देवासी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



जालोर में हिन्दू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई। फोटो-राष्ट्रदूत

सुरेश सोलंकी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपने ज्योतिराव गोविंदराव फुले, जिन्हें ज्योतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है, एक भारतीय सामाजिक सुधारक, विचारक, दार्शनिक और लेखक थे। उन्होंने महाराष्ट्र में सामाजिक सुधार आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समाजसेवी पन्नालाल सोलंकी ने बताया कि ज्योतिबा फुले ने जाति व्यवस्था और अस्पृश्यता के खिलाफ आवाज उठाई और महिलाओं और निम्न जातियों के लोगों को शिक्षित करने के लिए काम किया।

गोविंद टाक ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की, जो कि एक सामाजिक सुधार संगठन था जो उत्पीडति वर्गो के उत्थान के लिए काम करता था। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया, दिनेश महावर सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

वहीं जिला नर्सिंग छात्र संगठन जालोर के तत्वावधान में जिला नर्सिंग सभागार में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई।

जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेघवाल ने बताया कि महात्मा फुले एक महान समाज सुधारक , महिला शिक्षा के जन्मदाता, छुआछूत सुधारक के रूप में जाने जाते है तथा उन्हें ज्योतिबा फुले और महात्मा फुले के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, महिलाओं, दलितों एवं पिछडे वर्ग के उत्थान तथा सामाजिक जडताओं व कुरीतियों को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया। महात्मा ज्योतिबा फुले की विचारधारा स्वतंत्रता, समानता और समाजवाद पर आधारित थी। वर्ष 1873 में उन्होंने अपने अनुयायियों के साथ मिलकर सत्यसोधक समाज का गठन किया। इस अवसर पर योगिता माली , सिमरन फैंसी मीना सवाई चारण, कैलाश मांडवला, यशवर्धन सिंह सोडा, आर्यन देव ओमप्रकाश सहित समस्त नर्सिंग छात्र उपस्थित रहे।

## राजस्व गांवों के ग्राम पंचायतें बनने से खुशी

**बालोतरा**, (निसं)। राजस्व गांव पनोतरी नाडी व हिंग्लाज गढ के ग्राम पंचायत बनने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों ने दोनों राजस्व गांवों को ग्राम पंचायत बनाने की पैरवी में लगे वरिष्ठ भाजपा नेता भवानीसिंह टापरा का साफा पहना, माल्यार्पण कर स्वागत-अभिनंदन किया। पचपदरा विधायक डा. अरूण कुमार चौधरी व पूर्व मंत्री अमराराम चौधरी सहित भाजपा सरकार का आभार जताया।

समाजसेवी श्रवणसिंह महेचा ने बताया कि राजस्व गांव पनोतरी नाडी व हिंग्लाज गढ के ग्राम पंचायतें बनने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों ने भवानीसिंह टापरा के निवास स्थान पर जाकर उनका अभिनंदन किया। भवानीसिंह टापरा ने समस्त ग्रामवासियों को साधुवाद देते हुए कहा कि समस्त क्षेत्रवासियों की मेहनत और संयुक्त प्रयास के बल पर ही हमने इन राजस्व गांवों को ग्राम पंचायतें बनाने में कामयाबी हासिल की है।

शैतानसिंह महेचा, मनोहरसिंह, देवीसिंह, आनोपसिंह, थानाराम चौधरी, सुजानाराम, सतराराम, जगना राम, चेनाराम, देमाराम चौधरी, ओमपुरी गोस्वामी, सोमाराम भील, जवेरी लाल भील, मोहनलाल हेडसाहब, केसाराम ढाका, वासू देवासी, बिरबल रावणा राजपूत व डूंगराराम देवासी आदि ने खुशी जताई।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता का संदेश दिया



जालोर में भाजपा के स्थापना दिवस सप्ताह के कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के निर्देशानुसार भाजपा नगर मंडल जालोर की ओर से शुक्रवार को स्थापना दिवस सप्ताह के तहत सफाई कर स्वच्छ भारत का संदेश दिया।

पूर्व नगर अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक सुरेश सोलंकी ने बताया कि भाजपा स्थापना सप्ताह के तहत महात्मा ज्योतिबा फूले उद्यान में महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी के निर्देशन में सफाई अभियान किया गया।

साथ ही कार्यकर्ताओं को पार्टी के झंडे वितरण किए गए। कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान सभापति गोविंद टांक, नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी पूर्व नगर अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक सुरेश सोलंकी भाजयुमों जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया जिलामंत्री सुशीला सैन, नगर महामंत्री दिनेश महावर, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष मंगलाराम सांखला, भाजयुमो पूर्व जिला महामंत्री सुरेश सुंदेशा, दिनेश बारोट, ममता माली, जबराराम माली पन्नालाल सोलंकी, हीराराम देवासी गीता बारोट, कैलाश सुथा,र गोविंद राणा शिवलाल गहलोत सहित कहि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# धींगा गवर महोत्सव मनाया




जालोर के शिवाजी नगर में धींगा गवर महोत्सव में भजन व सत्संग का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं) I जालोर शहर के शिवाजी नगर स्थित विवेकानंद सैकण्डरी पब्लिक स्कूल में धींगा गवर महोत्सव के तहत भजन व सत्संग का आयोजन किया गया।

जिसमें संजू द्वारा शिव रूपी ईसर व सुरभि द्वारा मां पार्वती रूपी गंवर का रूप धारण कर झांकी प्रस्तुत की गई। जिसमें ईसर गौरा की याद में पहले मिलने आ गए और सखियों ने उनसे दूज की सांझ आने का आग्रह किया। ईसर-गवर के गीतों पर नृत्य कर सभी तीजणियों ने मां गवर (पार्वती) से सुहाग की मंगल-कामना की। संजू दवे ने बताया कि यह आयोजन चैत्र शुक्ल तीज से वैशाख कृष्ण तीज तक आयोजित होगा। पूर्णिमा के दिन सभी सखियां गंवर के गीत गाते हुए पानी पिलाने जाएगी। अंतिम दिन सभी सखियों द्वारा विभिन्न वेशभूषा धारण कर शोभायात्रा निकाली जाएगी।

भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी, अनिता दवे, वर्षा दवे, संजू दवे, नीतू दवे, सुरभि दवे, मीना, कविता श्रीमाली, यशोदा, राधा, विनीता ओझा, धर्मिष्ठा दवे, रश्मि शर्मा, चाँदनी लाहोटी आदि उपस्थित रही।

## धोरीमन्ना कृषि मंडी में बैठक हुई

**धोरीमन्ना**, (निसं)I कृषि मंडी धोरीमना के प्रांगण में शुक्रवार को मजदूर वर्ग की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मंडी सचिव द्वारा अवगत करवाया गया की कृषि उपज मंडी समिति धोरीमन्ना में कार्यरत अनुज्ञा पत्रधारी हम्मालों व पल्लेदारों व मजदूरों को मिशन व जीवन सुरक्षा के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना मैं पंजीकृत करने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहे हैं, ताकि अनुज्ञाधारी हम्मालो को ज्यादा से ज्यादा इन योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके अलावा अनुज्ञापत्रधारी व्यापारी वर्ग को मंडी प्रांगण में उपलब्ध रिक्त चिन्हित भूखण्डों को अनुज्ञापत्र के आधार पर आवंटन किया जायेगा। इसमे विभिन्न वर्गो एससी एसटी व महिला कृषकों का निर्धारित कोटा के अनुसार भी आवंटन किया जाएगा। उक्त जानकारी जितेंद्र सिंह चारण सचिव कृषि मंडी धोरीमना द्वारा बताया गया।

## हाजियों को शुभकामनाएं उी

**रेवदर**, (निसं)। राजस्थान से राज्यसभा सांसद नीरज डांगी शुक्रवार को मंडार के निकट सोरडा में कांग्रेस पार्टी के युवा नेता फिरोज सोरडा के निवास स्थान पर पहुंचे तथा हज यात्रा पर जा रहें फिरोज सोरडा के माता-पिता व चाचा चाची को शुभकामनाएं दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान आबूरोड प्रधान लीलाराम गरासिया, भटाना सरपंच भवानी सिंह,सोरडा सरपंच लेहराराम भाट, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हिमपाल सिंह, फजल मोम्मद, अमित जोशी, लाखाराम चौधरी, देवाराम पुरोहित, पुनमचद पुरोहित, प्रकाश चौधरी, मुस्ताक सोरडा, महेश जोशी, महेश बढीया, खंगार राम, इम्तियाज खान, जैसाराम समेत कई जने उपस्थित थे।

# श्रीमाली ब्राह्मण समाज हनुमान जन्मोत्सव पर 108 आसन पाठ करेगा

**पाली**, (नि.सं.)। श्रीमाली ब्राह्मण समाज विकास समिति पाली के समाज भवन शिववाड़ी में श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर में आज 12 अप्रेल 2025, शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर सायं 4 बजे से 108 आसन सुन्दरकाण्ड पाठ का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन होगा।

समाजध्यक्ष एडवोकेट पी.एम. जोशी ने बताया कि श्रीमाली ब्राह्मण समाज पाली का 250 से भी अधिक वर्षो पुराना प्राचीन एकमात्र पंचमुखी बालाजी मंदिर समाज भवन शिववाडी में स्थित है। वर्तमान के किसी भी व्यक्ति ने या पूर्वज के समय निर्माण नहीं हुआ है। पंचमुख की महिमा रामायण के वृतांत अनुसार लंका युद्ध के समय जब रावण के भाई अहिरावण ने अपनी मायावी शक्ति से स्वयं भगवान श्री राम और लक्ष्मण को मूर्छित कर पाताल लोक लेकर चला गया था। जहां अहिरावण ने पांच दिशाओं में पांच दिए जला रखे थे। उसे देवी का वरदान था कि जब तक कोई इन पांचों दीपक को एक साथ नहीं बुझाएगा, अहिरावण का वध नहीं होगा। अहिरावण की इसी माया को समाप्त करने के लिए हनुमान जी ने पांच दिशाओं में मुख किए पंचमुखी हनुमान का अवतार लिया और पांचों दीपकों को एक साथ बुझाकर अहिरावण का वध किया और भगवान राम और लक्ष्मण उसके बंधन से मुक्त हुए। अत: पंचमुखी हनुमान जी की पूजा करने से शत्रुओं पर विजय, संकटों का नाश,



श्रीमाली ब्राह्मण समाज विकास समिति पाली ने शिववाड़ी में श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ की तैयारी की। फोटो-राष्ट्रदूत

यश, बल, दीर्घायु और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है, साथ ही भय, निराशा और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है।

पंचमुखी बालाजी के 5 मुखों में प्रथम वानर मुख- यह मुख पूर्व दिशा में है एवं दुश्मनों पर विजय प्रदान करता है। द्वितीय गरुड़ मुख- यह मुख पश्चिम दिशा में है तथा जीवन की रुकावटों और परेशानियों का नाश करता है। तृतीय वराह मुख- यह मुख उत्तर दिशा में है तथा लंबी उम्र, प्रसिद्धि और शक्ति दायक है। चतुर्थ नृसिंह मुख- यह दक्षिण दिशा में है, यह डर, तनाव व कठिनाइयों को दूर करता है। पांचवा अश्व मुख- यह मुख आकाश की दिशा में है एवं समस्त मनोकामनाओं की पूर्ती करता है।

सुन्दरकाण्ड पाठ संयोजक हरवंश दवे व विशाल जोशी के अनुसार हनुमान जयंती के दिन लाल रंग के फूल, सिंदूर और चमेली का तेल अर्पित करने का विशेष महत्व है। इसके साथ गुड़ व चने के भोग का महत्व है। जयंती के इस दिन सुंदरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा का पाठ करना बहुत फलदाई है। ऐसी मान्यता है कि घर के दक्षिण-पश्चिम कोने में पंचमुखी हनुमान का चित्र लगाने से सभी तरह के वास्तुदोष मिट जाते हैं। घर क़े मुख्यद्वार पर पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा लगाने से बुरी आत्माएं प्रवेश नहीं करतीं ।

समाज उपाध्यक्ष रविशंकर दवे के नेतृत्व में 108 आसन सुन्दरकाण्ड पाठ को लेकर सम्पूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

हनुमान भक्त हनुमानजी के सन्मुख 108 आसन पर बिराजकर पाठ करेंगे। इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए श्रीमाली वैदिक मण्डल के कार्यकर्ता सहित अरूण दवे, मुकेश दवे, रमेश दवे, नरेन्द्र दवे, दीनदयाल व्यास, हरीश दवे, महेन्द्र दवे, प्रेम त्रिवेदी, रितिक दवे, जुटे हुए हैं।

# अनोपदास महाराज के जयकारे गूंजे

**पाली**, (नि.सं.)। रावणा राजपूत समाज के आराध्य देव अनोपदास महाराज के 177 वैं जन्मोत्सव को लेकर शुक्रवार को पाली शहर भर में जुलूस, शोभायात्रा, वाहन रैली के साथ ही कई कार्यक्रमों का आयोजन किया।

मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि जन्मोत्सव के मौके पर प्रात 8 बजे संतोष भारती एवं रामा भारती के निर्देशन में बैंड बाजो की मधुर धुनों पर इन्द्रा कालोनी से गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा एवं जूलुस निकाला गया।शोभायात्रा मे वीर बजरंगी,राधा कृष्ण, भगवान गणेष, शंकर पार्वती, बाल गणेश आदि झांकिया निकाली गई। शोभायात्रा के पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे जम्मोत्सव समिति के सदस्यो एवं युवा शक्ति के कार्यकताओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले रावणाजनो का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने कहा कि रावणा राजपूत समाज सामाजिक उत्थान को लेकर प्रयासरत रहा है। संरक्षक मांगू सिंह टाईगर, केसर सिंह मांगलिया, रतन सिंह झाला, लालसिंह पंवार सिंधु कंवर आदि मौजूद रहे।

## बालोतरा में आज भव्य संगीतमय पाठ होगा

**बालोतरा**, (निसं)। श्री श्याम शरणम् सेवा समिति बालोतरा द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आज शनिवार को भव्य संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आयोजन बालोतरा शहर के समदडी रोड स्थित सर्व सुख सेवा धाम में सांय 7.15 बजे से आरंभ होगा।

समिति के अध्यक्ष अमित सेतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में स्थानीय भजन गायकों द्वारा संगीतमय शैली में सुन्दर काण्ड पाठ किया जाएगा।

इसके साथ ही हनुमान जी की महिमा से ओतप्रोत भक्ति रचनाएं भी प्रस्तुत की जाएंगी, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो सकेंगे।

सचिव सुमित संचेती ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिक, भक्तगण तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी अपेक्षित है।

समिति के उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष मनीष लालवाणी एवं सह सचिव गोपाल माली ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर इस धार्मिक आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।

# जलग्रहण यात्रा का बायतु के कोसरिया में स्वागत

**बालोतरा**, (निसं)। भू-संसाधन एवं जलग्रहण प्रबंधन खण्ड, भारत सरकार एवं जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जल संग्रहण एवं भू-संरक्षण से उन्नति की ओर बढते कदम थीम पर निर्धारित जलग्रहण यात्रा अंतर्गत पंचायत समिति बायतु की ग्राम पंचायत कोसरिया में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार जलग्रहण विकास विभाग के अधीक्षण अभियंता घनश्याम सिंह राठौड के नेतृत्व में जलग्रहण यात्रा को लेकर 10 अप्रैल को ग्राम पंचायत कोसरिया में कलश यात्रा, प्रभात फेरी, साईकिल रैली, विद्यालय में जल की उपयोगिता पर निबंध प्रतियोगिता व जल से संबंधित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर जल संग्रहण एवं भू-संरक्षण का संदेश दिया गया। शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोसरिया में आयोजित कार्यक्रम में बायतु विकास अधिकारी हिमांशु चौधरी, बीजेपी मण्डल अध्यक्ष हनुमानराम जाणी, हिम्मताराम खोथ सरपंच ग्राम पंचायत खोथों की ढाणी, कोसरिया सरपंच रूगाराम सारण तथा विभाग के अधीक्षण अभियंता घनश्याम सिंह राठौड, अधिशाषी अभियंता विवेक गुप्ता, सहायक अभियंता चरणसिंह चौधरी एवं कनिष्ठ अभियंता गगन शर्मा, लोकेन्द्र सिंह राठौड सहित ग्रामीणों ने बढ-चढकर भाग लिया।

कार्यक्रम में आयोजित पोस्टर मेकिंग, दौड-भाग प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिताओं में प्रथम से तृतीय तक स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व जलग्रहण क्षेत्र में उत्कृष्ट कृषकों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया।

जलग्रहण विकास विभाग के अधीक्षण अभियंता घनश्याम सिंह राठौड ने बताया कि उक्त जलग्रहण यात्रा का जल को बूंद-बूंद बचाने हेतु प्रदेश वासियों को प्रेरित करने हेतु भारत सरकार एवं जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग राजस्थान द्वारा सम्पूर्ण राजस्थान में आयोजन किया जा रहा है।

विकास अधिकारी हिमांशु चौधरी ने कहा की मरूस्थलीय क्षेत्र में जल का संग्रहण करना बहुत ही महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों को जल संग्रहण के कार्यक्रम में बढ-चढकर साथ देना चाहियें। हिम्मताराम खोथ ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से जल को बचाने हेतु भरपुर प्रयास किए जा रहे, जो सराहनीय हैं। मारवाड महिला विकास सहकारी समिति लिमिटेड, भीमडा (बायतु) की अध्यक्ष शांति चौधरी ने बताया कि हमारे समुह को जलग्रहण विकास विभाग से राशि रु.11० लाख का आर्थिक मदद मिलने से महिला स्वावलंबी होने हेतु विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया। तथा विभाग द्वारा करवाये जा रहे जल संरक्षण कार्यों की प्रशंसा की। कोसरिया सरपंच रूगाराम सारण ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलग्रहण क्षेत्र को जल के लिए आत्मनिर्भर बनाने हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी की सफलतम योजना है । जिसमें वर्षा जल का कैसे संरक्षण ओर संग्रहण किया जाये इस थीम पर कार्य संपादित करवाये जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत जलग्रहण विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में टांका निर्माण कार्य, फार्म पॉण्ड निर्माण कार्य, चारागाह विकास कार्य इत्यादि कार्य करवाये हैं जिसका ग्रामीणों को भरपुर फायदा मिल रहा हैं।

अंत में विभागीय अधिशाषी अभियंता विवेक गुप्ता ने कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल शपथ दिलाई।

# अंबेडकर जयंती के लिए संयोजक व सह संयोजकों को दायित्व सौंपे

**जालोर**, (कासं)I भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी जालोर के जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने भारत रत्न डाक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य मे 13 से 25 अप्रैल तक होने वाले कार्यक्रमों को लेकर संयोजक व सह संयोजक को दायित्व सौपे गये I

जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने बताया कि जिला संयोजक की जिम्मेदारी भाजपा जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित को एवं सह संयोजक जिला महामंत्री हरीशचन्द्र राणावत, जिला सह संयोजक किरण भारतीय प्रधान भीनमाल, जिला सह संयोजक किसान नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष भगवानाराम को दायित्व सौंपा गया है।

इसी तरह मण्डल क्षेत्र मे कार्यक्रम मनाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने मण्डल संयोजक, मण्डल सह संयोजक की भी घोषणा की है। विधानसभा आहोर के आहोर मण्डल संयोजक किशोरसिंह अजीतपुरा, सह संयोजक कानाराम दमामी एवं बागरा मण्डल संयोजक जोगसिंह आडवाडा, सह संयोजक हिम्मताराम गर्ग व भाद्राजून मण्डल संयोजक दिनेश सिंह राठौड, सह संयोजक जसराज हीरागर एवं चांदराई मण्डल संयोजक भंवरपुरी गोस्वामी, सह संयोजक जितेंद्र हीरागर एवं गोदन मण्डल संयोजक प्रकाश कुमार गर्ग, सह संयोजक भवानी सिंह मीठडी व गुडा बालोतान मण्डल संयोजक जयन्तिलाल कुमावत, सह संयोजक दिपक कुमार मेघवाल को दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह जालोर विधानसभा के जालोर नगर मण्डल संयोजक का दायित्व संजय बोराणा को व मण्डल सह संयोजक रमेश कुमार बारुपाल को बनाया गया है। जालोर ग्रामीण मण्डल संयोजक जयन्तिलाल माली, सह संयोजक हितेश हीरागर, उम्मेदाबाद मण्डल संयोजक जोगराज राजपुरोहित, सह संयोजक मोहनलाल मेघवाल, सायला मण्डल संयोजक रगाराम देवासी, सह संयोजक भंवरलाल हीरागर, जीवाणा मण्डल संयोजक केवदाराम चौधरी, सह संयोजक मानाराम मेघवाल एवं पोषाणा मण्डल संयोजक उदयसिंह दादाल, सह संयोजक का दायित्व मैसाराम मेघवाल को सौपा गया है।

इसी तरह विधानसभा भीनमाल के भीनमाल नगर मण्डल संयोजक प्रवीण कुमार दवे, सह संयोजक माधाराम राणा व भीनमाल ग्रामीण मण्डल संयोजक पांचाराम प्रजापत, सह संयोजक फगलूराम मेघवाल, एवं बागोडा मण्डल संयोजक देवीसिंह को व सह संयोजक जेताराम मेघवाल को बनाया गया है। जुंजाणी मण्डल संयोजक सावलाराम देवासी, सह संयोजक नरपत कुमार मेघवाल एवं नरसाणा मण्डल संयोजक रमेश कुमार विश्नोई, सह संयोजक हरीश कुमार मेघवाल व रामसीन मण्डल के संयोजक मदनसिंह राव व सह संयोजक उत्तम कुमार गर्ग को दायित्व दिया गया है। विधानसभा रानीवाडा के रानीवाडा मण्डल संयोजक पर गोविन्द रावल एवं सह संयोजक दिनेश कुमार गर्ग को बनाया गया है। जसवंतपुरा मण्डल संयोजक आर के रमेश मेघवाल को व सह संयोजक लक्ष्मण सिंह देवल, एवं करडा मण्डल संयोजक ललीत राजपुरोहित व सह संयोजक रमेश कुमार मेघवाल वणधर एवं सांकड मण्डल संयोजक का दायित्व अमृतलाल चौधरी, सह संयोजक नरपतराम कोली को सौपा गया है। बडगांव मण्डल संयोजक प्रकाश कुमार सेन, सह संयोजक कालुराम कोली बामनवाडा को दायित्व दिया गया है। विधानसभा सांचोर के सांचोर नगर मण्डल संयोजक का दायित्व मोडाराम बुनकर, सह संयोजक मांगीलाल दर्जी, सांचोर ग्रामीण मण्डल संयोजक ईश्वर सुथार व सह संयोजक रतनाराम तरीगर, व अरणाय मण्डल संयोजक गणेशाराम चौधरी, सह संयोजक परसाराम मेघवाल, झाब मण्डल संयोजक रिडमलसिंह डांगी, सह संयोजक डूंगराराम पुरोहित एवं चितलवाना मण्डल संयोजक अमर सिंह चौहान व सह संयोजक वगताराम कोली, एवं केसुरी मण्डल संयोजक चौथाराम कोली, सह संयोजक रमेश पुरोहित एवं टांपी डुंगरी मण्डल संयोजक समाराम देवासी व सह संयोजक तेजाराम मेघवाल एवं सत्यपुर मण्डल संयोजक का दायित्व पुष्पकांत मेघवाल को एवं मण्डल सह संयोजक की जिम्मेदारी चेनाराम चौधरी को सौपी गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के अनुसार भारत रत्न डाक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती प्रदेश भाजपा से मिले निर्देशानुसार जिला टीम के जिला संयोजक, जिला संयोजक के निर्देश पर मण्डल संयोजक, सह संयोजक टीम हर्षोल्लास से जयंती कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

# बजरंग बाग में आज मेला व भजन संध्या

**पाली**, (नि.सं.)। हनुमान जयंती के अवसर पर पाली शहर के बजरंग बाग में 14 साल बाद भव्य मेला व बालाजी का नाम भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारी को लेकर पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, डेकोरेशन व रंगीन रोशनी से सजाया गया।

पुजारी महेंद्र ने बताया कि हनुमान जयंती पर सुबह 6:30 बजे आरती, मंदिर पर ध्वजा और 61 किलो का केक प्रसाद वितरित किया जाएगा। बजरंग बाग सेवा समिति के 51 युवा विभिन्न सेवा कार्य को लेकर जुटे हुए हैं। भजन संध्या में चित्तौड़ से प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा, पाली के रमेश माली मधुबाला वह आशा वैष्णव अपनी प्रस्तुतियां देंगे। दिन पर भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। अलग-अलग व्यवस्था की गई है पुलिस की सुरक्षा की जाएगी। बजरंग बाग सेवा समिति के अध्यक्ष नाथू सिंह परिहार, सचिव सत्य प्रकाश अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह शेखावत आदि का सहयोग रहेगा।

# युवक के पैन कार्ड से फर्जी फर्म बनाई, 13.28 करोड़ का लेन-देन किया

## अजमेर में प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी के साथ सायबर फ्रॉड का मामला सामने आया

**अजमेर, (कासं)।** शहर में आए दिन सायबर क्राइम की वारदात हो रही है। पुलिस जहां अपने आपको हाईटेक बनाने में लगी हुई तो वहीं शातिर ठग पुलिस एक कदम आगे चले रहे हैं। अजमेर में प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी के साथ सायबर फ्रॉड का मामला सामने आया है।

शातिर ठगों ने पीड़ित के पैन कार्ड और केवाईसी दस्तावेजों का दुरुपयोग कर प्राइम एंटरप्राइजेज नामक फर्जी फर्म बनाई और 13.28 करोड़ रुपए का व्यापारिक लेन-देन किया। धोखाधड़ी की जानकारी पीड़ित को तब मिली जब आयकर विभाग से उसे नोटिस मिला। पीड़ित ने दरगाह थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। अंदरकोट निवासी युवक ने दरगाह थाने में शातिर सायबर ठगों के खिलाफ शिकायत देते हुए धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित ने बताया कि उसे 19 मार्च को आयकर विभाग से

■ **धोखाधड़ी की जानकारी पीड़ित को तब मिली जब आयकर विभाग से उसे नोटिस मिला**

एक ईमेल प्राप्त हुआ था, इसमें बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान उसके नाम से 13.28 करोड़ रुपए का कारोबार किया गया है। पीड़ित ने जांच की तो पता चला कि उसके नाम पर 15.58 करोड़ रुपए का जीएसटी टर्नओवर और 17.13 करोड़ रुपए की जीएसटी खरीद दिखाई गई है, जबकि उसकी वास्तविक वार्षिक आय मात्र 2 लाख रुपए ही है।

पीड़ित ने जब जीएसटी पोर्टल पर जानकारी जुटाई तो पता चला कि अज्ञात व्यक्तियों ने उसके पैन कार्ड और अन्य दस्तावेजों का उपयोग कर फर्जी कंपनी बनाई। इस कंपनी को विभिन्न फर्मों से भुगतान भी प्राप्त किया। इस मामले में पीड़ित ने आयकर विभाग को सूचित कर अपनी असहमति जताई और इसके बाद दरगाह थाना पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी से धोखाधड़ी कर 86 हजार रुपए हड़पे

**अजमेर, (कासं)।** रामगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले एक रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित बुजुर्ग ने पड़ोसी पिता-पुत्र पर 86 हजार रुपए हड़पने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामगंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय नगर स्थित जीवतराम कॉलोनी निवासी महादेव रेलवे से रिटायर्ड हैं। उन्होंने

■ **पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दी, पड़ोसी पर आरोप लगाया**

दर्ज शिकायत में बताया कि उनके पड़ोसी राजेश भुरानी नीजी कार्य के लिए 86 हजार रुपए उधार लिए थे। काफी समय बद जब उन्होंने उधार दिए रूपए मांगे तो वे टालमटोल करने लगे। पीड़ित ने बताया कि दिसंबर 2024 में जब उन्होंने राजेश से रूपयों की डिमांड की तो उसने जनवरी 2025 का बैंक का चेक दिया।

पीड़ित ने जब चेक बैंक में लगाया तो बाउंस हो गया। बैंक से जानकारी लेने पर पता चला कि यह चेक किसी भावेश के नाम से जारी किया गया था। पीड़ित का आरोप है कि राजेश और उसके बेटे भावेश ने षड़यंत्रपूर्वक फर्जी चेक थमा दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गेहूं की कटाई करते समय थ्रेशर की चपेट में आया मजदूर, मौत

## मजदूर के सिर पर बंधा तोलिया अचानक थ्रेशर मशीन के पट्टे में फंस गया था

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के मलारना डूंगर उपखंड अंतर्गत ग्राम बाढ़ बरियारा में गुरुवार रात्रि को करीब तीन बजे गेहूं की कटाई करते समय एक मजदूर घनश्याम वैष्णव (45) निवासी बाढ बरियारा की थ्रेसर मशीन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मलारना डूंगर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि बाढ़ बरियारा गांव में किसान भरत लाल मीणा के खेत पर थ्रेसर मशीन से गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा था, इसी दौरान गांव का ही किसान मजदूर घनश्याम भी गेहूं की कटाई की मजदूरी करने आया हुआ था। गुरुवार रात्रि को करीब 3 बजे मजदूर के सिर पर बंधा तोलिया अचानक थ्रेशर मशीन के पट्टे में फंस गया जिससे किसान मजदूर घनश्याम खींचता हुआ थ्रेशर मशीन में चला गया। अन्य काम कर रहे किसानों व थ्रेसर मशीन वालों ने तुरंत थ्रेशर मशीन को बंद किया तब तक मजदूर घनश्याम का आगे का पेट तक का हिस्सा थ्रेसर मशीन की चपेट में आ चुका था एवं उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मलारना डूंगर थाना प्रभारी मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे एवं थ्रेशर मशीन को खुलवाकर हादसे में मृतक के शव को टुकड़ों के हिसाब से कट्टे में भराकर मलारना चौड चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम की औपचारिकता के बाद शव को उसकी बेटी व दामाद के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक के एक ही पुत्री थी जिसका विवाह हो चुका था। इसकी पत्नी की पूर्व में मौत हो चुकी थी, मृतक अकेला रहकर मजदूरी का काम करके अपना जीवन-यापन करता था।

# नाबालिग छात्रा से गैंगरेप

**अजमेर, (कासं)।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुराचार का मामला सामने आया है।


पुलिस के अनुसार पीड़िता स्कूल के वार्षिक समारोह में शामिल होने गई थी। समारोह के दौरान टॉयलेट जाने के लिए बाहर निकलने पर चार युवकों ने उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर अपहरण कर लिया। पीड़िता के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि आरोपियों ने उनकी बेटी के साथ न केवल अश्लील हरकतें कीं, बल्कि सामूहिक दुष्कर्म भी किया। इसके बाद उसे घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पिता की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाया है।

# फर्जी पट्टा जारी कर धोखाधड़ी के मामले में सोसायटी अध्यक्ष गिरफ्तार

**सांभरझील, (निसं)।** मोखमपुरा पुलिस ने फर्जी पट्टा जारी कर धोखाधड़ी करने के मामले में समिति अध्यक्ष को गिरफ्तार किया।

आनन्द शर्मा उप महानिरीक्षक पुलिस सह पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने बताया है कि 9 जूलाई 2023 को परिवादी राजकुमार पुत्र दीपाराम जाट निवासी रींगस जिला

■ **महलां/नासनोदा में गोल्डन पार्क स्कीम के नाम से आवासीय कॉलोनी के पट्टे आवंटित कर धोखाधड़ी की जा रही थी**



मोखमपुरा पुलिस ने फर्जी पट्टा जारी करने के मामले में समिति अध्यक्ष को गिरफ्तार किया।

सीकर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि प्रार्थी ने गोल्डन पार्क, अजमेर रोड़ महला बदनपुरा फकीरों की डूंगरी, गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर से वर्ष 2008 में अनिल कुमार कुत्सल वैशाली नगर जयपुर को 10,40,110 रूपये चेक व नकद से भुगतान करके एक 500 वर्ग गज का प्लाट खरीदा था जिसका पट्टा उक्त गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष विश्वंभर दयाल शर्मा के द्वारा हस्ताक्षरशुदा जारी किया था। तत्पश्चात समिति की तरफ से अरूण शर्मा व समिति के मंत्री रणवीर शर्मा ने मिलकर समिति के अध्यक्ष विश्वंभर दयाल शर्मा का हस्ताक्षरशुदा उक्त भूखण्ड का ही दूसरा पट्टा सुभाष यादव निवासी निवारू रोड़ थाना करधनी की पत्नी सुशीला देवी को जारी कर दिया था जिसके संबंध में पुलिस थाना मौजमाबाद पर धोखाधड़ी के संबंध में प्रकरण दर्ज हुआ था। प्रकरण में धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को दिशा निर्देश जारी किए गए थे। थानाधिकारी मौखमपुरा संजय प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन कर धोखाधड़ी पूर्वक फर्जी पट्टे जारी करने वाले आरोपी विश्वंभर दयाल शर्मा को गिरफ्तार किया। मुल्जिम द्वारा अब तक कितने पट्टे जारी किये गये तथा गिरोह के सदस्यों के बारे में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी विश्वंभर दयाल शर्मा पुत्र सोहन लाल निवासी नाभावाला पुलिस थाना आँधी जिला जयपुर ग्रामीण का रहने वाला है।

# यासीन खान हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**नारायणपुर, (निसं)।** बीजेपी नेता यासीन खान हत्याकांड में नारायणपुर पुलिस ने 8 माह से फरार चल रहे दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वसीम उर्फ यश पुत्र हाकम खां और साहिल खां पुत्र हकमुद्दीन खां निवासी जखोपुर थाना रामगढ़ अलवर के रूप में हुई है। गौरतलब है कि इन दोनों आरोपियों पर कोटपुतली-बहरोड़ एसपी द्वारा 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी में चौकी भर्तृहरि में कार्यरत कांस्टेबल मालाराम की विशेष भूमिका रही है। यह मामला 11 जुलाई 2024 का है, जब नारायणपुर थाना क्षेत्र के विजयपुरा गांव में अलवर-जयपुर सड़क मार्ग पर स्कॉर्पियो और थार सवार बदमाशों ने बीजेपी नेता यासीन खान की गाड़ी को रोककर उन पर हमला कर दिया था। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए यासीन खान को जयपुर ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई थी।

# आकाशीय बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त, हादसा टला

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के खरखड़ा राजपूतान में रात को तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरने से एक मकान का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान मौके पर कोई मौजूद नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। बिजली से घर के टेरिस में बड़ा छेद हो गया और लोहे की रेलिंग लगे पिलरों में दरारें आ गईं। इस घटना में घर के कई उपकरण फ्रीज, कुलर, पंखे, आरो और बिजली की वायरिंग जल गए। वहीं मकान में कई जगह दरारें आ गई।

मैनपाल सिंह शेखावत ने बताया कि उनका परिवार बिजली गिरने से दो मिनट पहले ही टेरिस से नीचे कमरे में चले गए थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आकाशीय बिजली गिरने की सूचना पाकर ग्रामीणों और अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया। खेतड़ी नगर थाने से अधिकारी और वार्ड पंच मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। वहीं पटवारी और सरपंच



आकाशीय बिजली गिरने से मकान का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

को भी सूचित कर दिया गया है। पड़ोसी बिन्नू सिंह और कंवर सिंह के घरों पर भी आकाशीय बिजली का असर पड़ा, जिसमें उनके उपकरण जल गए। उपखंड क्षेत्र के बाकोटी गांव में भी प्रकाश चंद गुर्जर के बाथरूम पर आकाशीय बिजली गिरने से बाथरूम की पट्टी टूट गई और बाथरूम में दरार आ गई एवं घरेलू उपकरण जल गए। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन के आपदा कोष से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता मुहैया करवाने की मांग की है।

# नकबजनी की दो वारदातों का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

## 23 बोरी सरसों, वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर मय ट्रॉली जब्त

**कोटपूतली, (निसं)।** जिले के निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने नकबजनी की दो वारदातों का पर्दाफाश करते हुये मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है।

एसएचओ बाबूलाल मीणा ने बताया कि गत 5 अप्रैल को ग्राम पंवाला राजपूत निवासी अशोक छाबड़ी पुत्र मुखराम गुर्जर ने मामला दर्ज करवाया था कि 31 मार्च को उसने अपने पुराने मकान में 200 मण सरसों कट्टों में खुली रखी थी, जिन्हें 5 अप्रैल की सुबह देखा तो सरसों के 24 बोरे गायब मिले, जिन्हें कोई रात्रि में चुरा कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुये संदिग्ध व्यक्तियों की जाँच शुरू की। इस संबंध में गठित पुलिस टीम ने ग्राम पंवाला राजपूत निवासी मनोज गुर्जर को दस्तयाब कर पूछताछ की तो उसने अपने साथियों के साथ वारदात करना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने अभियुक्त मनोज (23) पुत्र रामचन्द्र गुर्जर निवासी ग्राम पंवाला राजपूत को गिरफ्तार करते हुये उसके कब्जे से चोरी किये गये 23 बोरे सरसों व वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जब्त कर लिया। अभियुक्त मनोज गुर्जर ने संबंधित घटना के अलावा नारेहड़ा स्थित जूस की दुकान में अपने साथियों के साथ दो बार नकबजनी कर चोरी करना स्वीकार किया है।

# हादसे में एक साथ चार-पांच वाहनों में टक्कर, 11 जने घायल

**दूदू, (निसं)।** जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर पड़ासोली के पास शुक्रवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में एक साथ चार-पांच वाहनों में टक्कर हो जाने पर सवारी गाड़ी में सवार 11 जने घायल हो गए। वहीं मवेशियों से भरी पिकअप में सवार महिला को चोट आई तथा एक भैंस की मौत हो गई। घटना स्थल प्राप्त जानकारी अनुसार पड़ासोली पुलिया के पूर्व सड़क पर बिखरी डामर कंक्रीट पर ट्रक द्वारा ब्रेक लगाने के साथ ही संतुलन बिगड़ गया तथा एक साथ चार-पांच वाहन आपस में टकरा गए। एक कंपनी की तूफान सवारी गाड़ी में सवार 11 जने घायल हो गए। दूदू स्थित सौर ऊर्जा कंपनी में कार्य कर्मचारियों को लेकर तूफान गाड़ी पड़ासोली से दूंदू की और आ रही थी जो ट्रक से टकरा गई। घटना के दौरान ग्रामीणों ने घायलों को तत्काल

■ **पड़ासोली पुलिया के पूर्व सड़क पर बिखरी डामर कंक्रीट पर ट्रक द्वारा ब्रेक लगाने से संतुलन बिगड़ गया तथा चार-पांच वाहन आपस में टकरा गए**

निकालकर एम्बुलेंस से दूदू दूरबीन हॉस्पिटल एवं राजकीय उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। दूरबीन हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम द्वारा घायलों का निशुल्क उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल विजिलेश को जयपुर रैफर कर दिया।

वहीं राजकीय उप जिला चिकित्सालय दूदू में घायल दीपक कुमार, प्रमोद कुमार, विष्णु, रोबिन, शुभम, अनिल कुमार, युवराज व साहिल को भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल साहिल को जयपुर रैफर कर दिया गया। राजकीय जिला चिकित्सालय में घायलों को भर्ती करने के दौरान चिकित्सकों के अभाव में पुलिस प्रशासन को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर मौजूद नर्सिंग स्टाफ द्वारा घायलों को उपचार प्रदान किया गया। भीषण दुर्घटना के सूचना के साथ ही मौके पर उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल एवं थाना निरीक्षक मुकेश कुमार ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर रास्ता खुलवाया। समाजसेवी व भाजपा मंडल महामंत्री अवधेश शर्मा ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर घायलों की कुशलक्षेम पूछी तथा कंपनी के अधिकारियों से बात कर घायलों के उपचार के बारे में चर्चा की।

# युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**उदयपुर।** शहर के बडगांव थाना क्षैत्र में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ढाणी सीपुर भीवाड़ा सेमारी सलूम्बर हॉल शहर के बडगांव थाना क्षैत्र सीतारामजी की बाडी बडी निवासी भगवतीलाल (45) पुत्र नाथू ने शूक्रवार तडके बबूल के पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मलने पर एएएआई सज्जनसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। सवेरे मोगजी पुत्र नाथू मवेशी लेकर जा रहा था। जहां बीच रास्ते पेड़ पर व्यक्ति लटका हुआ मिला। इसकी सूचना देने पर मौके पर आई पुलिस ने मृतक को निचे उतारा तो वह मेरा छोटा भाई भगवती के रूप में पहचान हुई। जो शराब पीने का आदी था। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# वाहन से हुई मौत के मामले में चालक को सजा सुनाई

## पांच वर्ष का कठोर कारावास व एक लाख का जुर्माना लगाया

**सांभरझील, (निसं)।** वाहन से हुई मौत के मामले में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश (क्रम संख्या-2) नीरज भामू ने अभियुक्त सीताराम पुत्र रामलाल निवासी इटावा पुलिस थाना फुलेरा जिला जयपुर को दंडित किया है। न्यायालय ने अभियुक्त को अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई है। इसके अंतर्गत धारा 304,(भाग 2) भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत 5 वर्ष का कठोर कारावास व एक लाख रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त करावास भुगतना होगा।

न्यायालय ने वाहन मालिक अभियुक्त रामेश्वर पुत्र लादूराम निवासी पालुकला पुलिस थाना मोजमाबाद जिला जयपुर को मोटर वाहन अधिनियम के तहत परिवीक्षा अधिनियम की धारा 3 के तहत सम्यक रूप से प्रताड़ित एवं भर्त्सना देकर परिवीक्षा पर छोड़ा गया।

न्यायालय ने अपने फैसले में लिखा कि स्पष्ट रूप से अभियुक्त

■ **वाहन मालिक को सम्यक रूप से प्रताड़ित एवं भर्त्सना देकर छोड़ा गया**

सीताराम का आशय मृत्यु कारित करने का नहीं था अतः 302 आईपीसी के तहत अभियुक्त को दोष सिद्ध किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। हालांकि उसका यह कृत्य बिना किसी आशय के था, परंतु यह कृत्य अधिसंभाव्यता से परिपूर्ण था कि इससे किसी की मृत्यु हो सकती है और नुकसान हो सकता है। अतः उसका मौके पर परिस्थिति के अनुसार किया गया कृत्य धारा 302 के तहत नहीं होकर धारा 304 भाग 2 की श्रेणी में आता है। अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह ने न्यायालय को यह भी बताया कि वाहन चालक सीताराम के पास वाहन चलाने का कोई लाइसेंस भी नहीं था, जबकि लाइसेंस वाहन मालिक रामेश्वर के नाम से था।

# शराब के पैसे के लिए बेटे ने पिता की हत्या की, पुत्र गिरफ्तार

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के धनुरी थाना इलाके के लूटू गांव में शराब के ठेके के पास बुधवार रात को आपसी कहासुनी के बाद पुत्र द्वारा पिता की हत्या के मामले पुलिस ने आरोपी बेटे किशनलाल सोनी को गिरफ्तार किया है।

धनूरी थानाधिकारी रामनारायण चोयल ने बताया कि बुधवार रात 12 बजे जगदीश सोनी और उसका छोटा बेटा किशनलाल गांव के चौक पर शराब ठेके के पास एक जगह शराब पी रहे थे। इस दौरान पैसे को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। पिता ने शराब के पैसे देने से इनकार किया तो बेटे किशनलाल ने आपा खो दिया। उसने वहीं पास पड़ा पत्थर उठाया और पिता के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार किए। पिता ने दम तोड़ दिया। इसके बाद वह शव को घर ले आया। पिता के मर्डर के बाद किशनलाल ने शव को घर लाकर रख दिया और सुबह का इंतजार करने लगा। उसने दाह संस्कार की तैयारी कर ली और बड़े भाई दीपक को फोन कर बताया कि पिता की मौत हो गई है। दीपक झुंझुनूं में प्राइवेट हॉस्पिटल में नौकरी करता है। दीपक को

■ **ठेके पर दोनों पिता-पुत्र साथ में शराब पी रहे थे**

हादसे की बात गले नहीं उतरी तो उसने धनूरी थाना पुलिस को सूचना दे दी। उसने अपने भाई किशनलाल पर शक जताया। दीपक की रिपोर्ट पर धनूरी पुलिस मौके पर पहुंचे। बॉडी की स्थिति देखते ही पुलिस ने इसे मर्डर माना। इसके बाद एफएसएल और डॉग स्क्वाड टीमें बुलाई गई। सबूत जुटाए गए।

धनूरी थानाधिकारी रामनारायण चोयल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में साफ हुआ कि मर्डर घर के बाहर किया गया और बाद में शव अंदर लाया गया है। इसके बाद पुलिस शराब ठेके के पास घटनास्थल तक पहुंची, जहां खून सना पत्थर बरामद कर लिया। इसके बाद घटनास्थल के आस-पास के कैमरे चेक किए गए। गुरुवार शाम आरोपी बेटे किशनलाल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी किशनलाल सोनी से पूछताछ कर रही हैं। जानकारी



पिता की हत्या के मामले में आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया।

के अनुसार जगदीश सोनी गांव में ही खेती-बाड़ी करता था। उसकी पांच संतानें हैं। इनमें तीन बेटियां और दो बेटे हैं। एक बेटी को छोड़कर किसी की भी शादी नहीं हुई है। परिवार में दीपक, किशनलाल और दो बेटियां अविवाहित हैं। बड़ा बेटा दीपक झुंझुनूं रहता है। दोनों बहनें उसके साथ रहती हैं। किशनलाल अपने पिता के साथ गांव में रहता था। वह छोटा-मोटा मजदूरी का काम करता है। साथ ही नशे का आदी है। दोनों में अक्सर शराब के नशे में झगड़ा-फसाद होता रहता था।

# प्रदेश के नौ जिलों में शिक्षा कार्यालय बंद

**अनूपगढ़, (निसं)।** बीकानेर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश पर अनूपगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बंद कर दिया गया। राज्य सरकार ने पहले ही नौ जिलों को निरस्त कर दिया था। इन कार्यालयों की शक्तियां पहले ही वापस ले ली गई थी। निदेशालय ने आदेश जारी किया, इसमें अनूपगढ़, डूंगरगढ़, गंगापुरसिटी ग्रामीण, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण, ककोड़ा, नीमकाथाना, सांभर और शाहपुरा के कार्यालयों को तुरंत बंद करने को कहा गया। यह आदेश 27 फरवरी 2025 के पूर्व आदेश के अनुपालन में जारी किया गया है। अनूपगढ़ कार्यालय राजकीय विद्यालय नंबर 4 के दो कमरों में चल रहा था। अन्य दो कमरों में आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय संचालित थे। अब इन कार्यालय भवनों को अन्य विभागों को सौंपा जाएगा। अनूपगढ़ जैसे सीमावर्ती क्षेत्र के लिए यह कार्यालय बेहद महत्वपूर्ण था। यहां स्थानीय विद्यालयों के प्रशासनिक काम निपट जाते थे। शिक्षकों और संस्था प्रधानों को श्रीगंगानगर नहीं जाना पड़ता था। इससे समय और पैसे की बचत होती थी। अब स्कूलों और शिक्षकों को श्रीगंगानगर जाना पड़ेगा।

# पाकिस्तानी किशोर की मानसिक जांच कराई जायेगी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** हिंदुमलकोट क्षेत्र की मदनलाल बीओपी पर जीरो लाइन पार करने वाले संदिग्ध किशोर से जेआईसी में पूछताछ जारी है। हालांकि इसमें ज्यादा कुछ निकलकर नहीं आया है। सूत्रों के अनुसार किशोर मानसिक रूप से कमजोर लग रहा है और सवालों को नहीं समझ पा रहा है। जांच अधिकारियों के साथ इशारों से बात कर पा रहा है। इसमें भी भूख या प्यास लगने जैसी सामान्य बात हो पा रही है। ऐसे में किशोर का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा सकता है ताकि उसकी वास्तविक मानसिक स्थिति का पता लगाया जा सके।

**Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya**
Gandhi Circle, JLN Marg, Jaipur-302015 (Raj.) Ph. 0141-2706672/ 2707539 / 7849834600/601/602
Adv. No.: KMM/2025-26/01 Date: 09-04-2025
***NOTICE INVITING TENDER***
**Sealed Tenders are invited for the following works:**

| Sr. No. | Particulars of Work/ Supply | Estimated Cost (Rs.) |
|---|---|---|
| 1. | Annual Rate Contract for Maintenance/Civil Works | 80 Lakhs |
| 2. | Swimming Pool Plumbing Work | 11 Lakhs |
| 3. | Demolishing & Recast of Existing Roof | 75 Lakhs |

Contractors registered with Central or State Government or any other Statutory Authority and Authorised Dealers / Distributors / Suppliers may obtain Tender Form from the **college office** only on **working day** from **15th to 30th April, 2025 between 11:30 am to 03:00 pm** on a payment of **Rs. 500/-** for each work/ supply.
An application signed by an authorised person on the letterhead of the firm addressing to the Secretary will be required to get Tender Form.
**Secretary**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत्त, जयपुर**
क्रमांक-33 दिनांक-01.04.2025
**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-20**
UBN No.:- NIB Code No.
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से कार्य Renovation of Thala Anicut in Bandi River Village Gopalnagar, GP Thala, Madhorajpura, District Jaipur जिसकी अनुमानित लागत 140.00 लाख है। वित्त विभाग के नवीन नियमों के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-निविदा के माध्यम से ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया हेतु आनलाईन निविदा आमत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 03.04.2025 प्रातः 9.30 से दिनांक 15.04.2025 को 6.00 बजे तक डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। निविदा की वित्तीय बिड दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 3.00 बजे खोली जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण संबंधित वेबसाईट www.waterresources.rajasthan.gov.in, http://www.eproc.rajasthan gov.in, http:/sppp.rajasthan.gov.in से देखी जा सकती है।
अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृक्ष, जयपुर
UBN No. WRD2526WSOB00011
DIPR/C/4774/2025

# दुबई में गैंगस्टर्स को शरण देने वाला मास्टर माइंड इलियास खान जयपुर में गिरफ्तार


-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के दुबई स्थित नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए उनके मास्टरमाइंड सहयोगी इलियास खान को जयपुर में गिरफ्तार किया है। इलियास लंबे समय से दुबई में रहकर इन गैंगस्टर्स को पनाह देने, हवाला के माध्यम से धन पहुंचाने और उनके लिए सुरक्षित ठिकानों की व्यवस्था करने में सक्रिय था।

- **लॉरेन्स विश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के दुबई स्थित नेटवर्क जयपुर पुलिस का शिकंजा**
- **इलियास ने ही रोहित गोदारा, वीरेन्द्र चारण और महेन्द्र सारण जैसे गैंगस्टर्स को दुबई में ठिकाने उपलब्ध करवाए थे**

एंटी गैंग टास्क फोर्स के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन के निर्देशन में डीआईजी योगेश यादव और एएसपी सिद्धांत शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने रामगढ़ सेठान, फतेहपुर सीकर में छापेमारी कर इलियास को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस और डीएसटी टीम का भी सहयोग रहा।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन ने बताया कि इलियास खान वार्ड नंबर 36, थाना रामगढ़, सीकर में 2014 से दुबई में रह रहा था। वह दुबई पुलिस में स्टोर कीपर के रूप में कार्यरत था और अपने पहचान पत्र का दुरुपयोग कर गैंग के सदस्यों को शरण देता था। दुबई में भी फर्जी आईडी के उपयोग के मामले में वह गिरफ्तार हो चुका है और जेल की सजा काट चुका है। उसने रोहित गोदारा, वीरेन्द्र चारण और महेन्द्र सारण जैसे गैंगस्टरों को दुबई में ठिकाने उपलब्ध करवाए थे। हवाला के माध्यम से गैंग के लिए धन प्रेषण करता था और गैंग के सदस्यों को इमिग्रेशन संबंधी सूचनाएं प्रदान करता था। भारत में भी उसके खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज है, जिसमें वह जेल जा चुका है।



**राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के मास्टरमाइंड सहयोगी इलियास खान को जयपुर में गिरफ्तार किया है।**

गैंग से संबंध इलियास खान ने दुबई में लॉरेंस विश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के सदस्यों को शरण देने, उनके लिए सुरक्षित ठिकानों की व्यवस्था करने और हवाला के माध्यम से धन प्रेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उसने जयपुर के फल व्यापारी सलीम खान की रेकी करवाई थी और गैंग को उसकी जानकारी दी थी।

वर्तमान में एंटी गैंग टास्क फोर्स की विशेष टीम इलियास खान से पूछताछ कर रही है ताकि गैंग के अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके। इस गिरफ्तारी से राजस्थान में संगठित अपराध के खिलाफ चल रही कार्रवाई को बड़ी सफलता मिली है।

## मदन राठौड़ ने महात्मा फुले को नमन किया

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा की पहल पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश कार्यालय परिसर के बाहर प्याऊ सेवा का शुभारंभ किया। इस दौरान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर, महामंत्री महेंद्र सिंह पंवार, कार्यालय मंत्री रामेश्वर गुजर्र सहित मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राठौड़ ने कहा कि महात्मा फुले ने सदैव समाज के वंचित, शोषित वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया। उनके विचारों से प्रेरित यह सेवा कार्य एक सच्ची श्रद्धांजलि है।



**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भाजपा हरियाणा प्रभारी, राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने दिल्ली में आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान सतीश पूनिया ने अमित शाह से संगठनात्मक मार्गदर्शन लिया, उन्होंने कहा कि देश के ऊर्जावान गृहमंत्री व कुशल संगठनकर्ता अमित शाह राजस्थान एवं हरियाणा के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है।**

# पानी की दरों में वृद्धि का भार उठाएगी राज्य सरकार : कन्हैयालाल चौधरी

**जयपुर।** प्रदेश में पेयजल की दरों में वृद्धि का अतिरिक्त भार जनता पर नहीं डालने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के पेयजल उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान की है। अब पेयजल उपभोक्ताओं से वर्तमान लागू दरों पर ही पानी के बिलों एवं अन्य सेवाओं की राशि वसूल की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा अनुदान के रूप में शेष राशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है इससे सरकार पर लगभग 2100 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष का अतिरिक्त भार आएगा।

- **2100 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष आएगा अतिरिक्त भार, उपभोक्ताओं को मिलेगी बड़ी राहत**

जलदाय मंत्री कन्हैयालाल ने बताया कि विभाग के माध्यम से आम जनता को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। वर्ष 2017 से लागू पानी की दरों में राज्य सरकार द्वारा वृद्धि नहीं की गई है। वर्ष 2017 से अब तक पेयजल संरचनात्मक ढांचे तथा पेयजल वितरण प्रणाली, संचालन, संधारण एवं रखरखाव लागत में लगभग चार से पांच गुणा वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में प्रचलित दरों में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत बढ़ाने का निर्णय किया था परंतु वर्ष 2017 के बाद एकबार भी दरों को बढ़ाया नहीं गया, परिणामस्वरूप टैरिफ से प्राप्त होने वाला राजस्व, रखरखाव व संधारण के खर्चों का बहुत कम हिस्सा ही है। इसके कारण जल वितरण संबंधी परिसंपत्तियों की गुणवत्ता में कमी आकर, उसके कार्यशीलता पर भी कुप्रभाव पड़ता है।


जलदाय मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पेयजल की दरों को वास्तविक लागत के आधार पर तर्कसंगत बनाने का निर्णय लिया गया है। इस कारण पानी की वर्तमान दरों को चार गुणा करने की सहमति वित्त विभाग से प्राप्त होने पर दरों में वृद्धि की जा रही है। उसके बावजूद भी राज्य की जनता पर अतिरिक्त भार नहीं डालने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा जनहित में निर्णय लिया गया है कि पेयजल उपभोक्ताओं से वर्तमान लागू दरों पर ही पानी के बिलों एवं अन्य सेवाओं की राशि वसूल की जाएगी।

# ऋषि-मुनि कर रहे सनातन संस्कृति और परंपरा के संरक्षण का काम : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को न्यू सांगानेर रोड स्थित श्री चिंताहरण काले हनुमानजी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने एकादश कुंडात्मक सात दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ में शामिल होकर आहुति दी तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शर्मा ने कहा कि हमारा देश हमेशा से ऋषि-मुनियों का ऋणी रहा है। ऋषि-मुनियों ने हमारी संस्कृति और परम्परा की रक्षा का काम किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी आने वाली पीढ़ी को भी सांस्कृतिक कार्यों को करने की प्रेरणा मिलती है तथा परम्पराएं समृद्ध होती हैं।

- **'ऐसे आयोजनों से हमारी आने वाली पीढ़ी को सांस्कृतिक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है'**

इस दौरान महामण्डलेश्वर मनोहर दास महाराज, त्रिवेणी धाम के राम रिछपाल दास महाराज सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को न्यू सांगानेर रोड स्थित श्री चिंताहरण काले हनुमानजी मंदिर में एकादश कुंडात्मक श्री हनुमत महायज्ञ में आहुति दी तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।**

## सी.पी.जोशी ने डॉ.गिरिजा व्यास के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौडगढ़ सांसद सीपी जोशी आज अहमदाबाद के जाइडस अस्पताल पहुंचे। यहां पर उन्होंने पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास के परिजनों से मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछी और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

जोशी ने गिरिजा व्यास के भाई एवं उदयपुर शहर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा व डॉक्टरों की टीम से उपचार संबंधी जानकारी ली और गिरिजा व्यास के स्वास्थ्य में हो रहे सुधार पर संतोष जताया।

## नाबालिग का अपहरण

**जयपुर।** कोटखावदा थाना इलाके में चौदह वर्षीय नाबालिग का अपहरण करने का मामला सामने आया है। परिजनों ने रिश्तेदार पर लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है और साथ ही अलमारी के लॉकर में रखे 50 हजार रुपए भी गायब मिले। नाबालिग बेटी के पिता ने थाने में मामला दर्ज करवाया है।



**जयपुर में शुक्रवार को अचानक मौसम बदला और आसमान में काले बादल छा गये व तेज हवाएं चलनी शुरू हो गई। कुछ ही देर में दिन में ही अंधेरा छा गया व अंधड़ के साथ बारिश शुरू होने से तापमान में गिरावट आई। इससे लोगो को गर्मी से राहत मिली।** फोटो : दिनेश भारद्वाज

# दुष्कर्मी युवक को सजा

**जयपुर।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर, द्वितीय ने नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले नरेश कुमार मीणा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पीठासीन अधिकारी जगमोहन अग्रवाल, द्वितीय ने 25 वर्षीय इस अभियुक्त पर 1.50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामले में सह आरोपी बाल अपचारी के खिलाफ बाल न्यायालय में मामला लंबित है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मातादीन शर्मा ने बताया कि घटना को लेकर पीडिता के पिता ने 4 दिसंबर, 2022 को हरमाड़ा थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि वह परिवार सहित अपने ससुर के घर रहता है। सुबह वह अपनी पत्नी और बेटे को दवा दिलाने अस्पताल लेकर गया था। दोपहर को जब वापस लौटा तो उसकी नाबालिग बेटी घर पर नहीं थी। इस पर पीडिता के नाना ने बताया कि वह 12.30 बजे पढाई का सामान लेने के लिए रोजदा बस स्टैंड गई है। काफी देर तलाश करने के बाद भी पीडिता नहीं मिली। इस दौरान उसने पीडिता के नाना का मोबाइल चेक किया तो पता चला कि नाबालिग सह आरोपी का फोन आया था। ऐसे में उसे शक है कि वह उसे बहला फुसला कर ले गया है।

## धमकी देकर 5 लाख रु. मांगे

**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में युवक ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती से पांच लाख रुपए मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार एक युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह अंलकार कॉलेज के पास एमडी लाइब्रेरी में पढ़ाई करती थी। इसी दौरान शिव वर्मा ने नोट्स लेने के लिए उसका मोबाइल मांगा और नोट्स के बहाने उसके मोबाइल से फोटो भी ले ली।

# वाणिज्यिक न्यायालय ने बताया शराब खरीद घोटाला

## सी.ए.जी और सी.बी.आई. जांच की सिफारिश

**जयपुर।** वाणिज्यिक न्यायालय, द्वितीय ने राजस्थान स्टेट बेवरेजेज कारपोरेशन लिमिटेड और यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड के बीच शराब की खरीद के भुगतान के मामले में जहां 9.11 करोड़ रुपए लौटाने का आदेश रद्द कर दिया, वहीं शराब खरीद में भ्रष्टाचार और घोटाले की आशंका जताते हुए सरकार से इसकी सीएजी और सीबीआई से जांच कराने को कहा है। न्यायालय ने कहा कि वर्ष 2019-20 की लागत के अनुसार 205 फीसदी से 696 फीसदी तक भारी मार्जिन वसूला गया। आरएसबीसीएल, आबकारी विभाग और वित्त विभाग ने इसका पूरा बोझ भी आम जनता पर डाल दिया। शराब की कीमत में कस्टम ड्यूटी, लाइसेंस फीस, वैट, आयात परमिट शुल्क, और आरएसबीसीएल का 0.50 फीसदी कमीशन भी उपभोक्ताओं से वसूला गया। न्यायालय ने आश्चर्य जताया कि आधा प्रतिशत का मुनाफा भी आपूर्तिकर्ताओं के बजाय उपभोक्ताओं से वसूला गया। अदालत ने कहा कि मनमाने ढंग से मूल कीमत बढ़ाई गई। हालांकि अदालत ने कहा कि उसकी तकनीकी विशेषज्ञता की सीमा है और मामले की जांच की आवश्यकता जताते हुए मामला मुख्य सचिव को भेज दिया। कोर्ट ने कहा कि सीएजी से विशेष ऑडिट कराई जाए और आवश्यकता होने पर सीबीआई या एंटी करप्शन ब्यूरो में एफआईआर दर्ज करवा कर जांच करवाई जाए।

# भाजपा कार्यकर्ता, कांग्रेस के भ्रम जाल को नेस्तानाबूत करें : मदन राठौड़

**जयपुर।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती सम्मान अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने डॉ अंबेडकर को दूरदृष्टा बताते हुए कहा कि बाबा साहब ने देश को नई दिशा दी, जिसके कारण हमारे संविधान में लोकतांत्रिक मूल्यों और भारतीय विचार के अनुकूल सर्वे भंवतु सुखिने के भावों का समावेश हो पाया है। कांग्रेस और वामपंथियों ने बाबा साहब का ना तो जीवन पर्यन्त सम्मान किया, ना ही उनके देहावसान के बाद उन्हें सम्मानित किया। केवल दलित वोट बैंक के लिए उनके नाम को जपते रहे। बाबा साहब के प्रति नेहरू के मन में थोड़ा सा भी सम्मान होता तो संसद में उन्हें निर्विरोध निर्वाचित करवाते, ना कि हराने के लिए षडयंत्र रचते।

उन्होंने कहा कि गांधी नेहरू परिवार की ये चार पीढ़ियां अगर बाबा साहब का सम्मान करती तो उनको भारत रत्न देने में देरी नहीं करती। राठौड़ ने कहा कि भाजपा ही है जिसके नेतृत्व में और संगठन के कार्यकर्ताओं में डॉ अंबेडकर के प्रति सम्मान का भाव है। यहीं कारण है कि संसद में पहली बार बाबा साहब का चित्र अटलजी के प्रयासों से लगता है तो भारत रत्न भाजपा समर्थित सरकार के कार्यकाल में मिलता है। वहीं उनसे जुड़े हुए पंचतीर्थों का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में किया गया।



**भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती सम्मान अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उद्घाटन किया।**

राठौड़ ने कहा कि हमें सजग रहने की जरूरत है और ये संकल्प करना होगा कि हम सभी मिलकर कांग्रेस के भ्रम जाल को नेस्तानाबूत करेंगे, समाज में सामाजिक समरसता के भाव से समाज को एक अभेद्य दुर्ग बनाएंगे, जिसे कोई भ्रम, झूठ या मिथ्या ना तोड़ पाए।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश सिंह ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी आज कल बाबा साहब तथा संविधान की बातें करते है, और समाज को गलत तथ्य रखकर बरगलाने की कोशिश करते है जबकि सच यह है कि कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार ने ना कभी दलितों का भला किया, ना बाबा साहब का सम्मान किया और ना ही सामाजिक न्याय में उनकी आस्था रही है। संविधान सभा में बाबा साहब शामिल ना हो, इसके लिए षडयंत्र रचे गए। अगर हिंदू महासभा के नेता एमआर जयकर त्याग पत्र देकर बाबा साहब को संविधान सभा में नहीं भेजते तो आज संविधान ही कुछ ओर होता।

- **'देश के दलित वोटबैंक के लिए बाबा साहब का नाम जपती रही कांग्रेस'**
- **कांग्रेस ने किया बाबा साहब का अपमान, दलितों की अनदेखी और मुस्लिमों का तुष्टिकरण : अभिनव प्रकाश**

उन्होंने कहा कि गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने के कारण बाबा साहब को कांग्रेस के लोगों ने बार बार अपमानित किया। 1946 में उनकी प्रिंटिंग प्रेस को जला दिया गया और अंतरिम सरकार में 20 में से 14 मंत्री ही बनाए, इनमें भी 5 मुसलमानों को शामिल किया गया था। नेहरू का मुस्लिमों से तो प्रेम था, लेकिन बाबा साहब के प्रति हिकारत भरी दृष्टि रखते थे। जिसकी चर्चा स्वयं बाबा साहब ने देश की संसद में अपने इस्तीफे का जिक्र करते हुए बताया।

# संगठन जो भी कम देगा, उसमें तन-मन से जुटेंगे : राजेश गुर्जर

## 'पार्टी की मजबूती ही लक्ष्य'

**जयपुर।** जयपुर दक्षिण देहात के जिलाध्यक्ष पद पर राजेश गुर्जर को दोबारा जिला अध्यक्ष बनाया गया है। गुर्जर का कहना है कि संगठन ने एक बार फिर से उन पर विश्वास जताया है। जिस पर वे खराब उतरेंगे और पार्टी उन्हें जो भी काम देगी उसे तन मन से करने में जुटेंगे जिले में पार्टी को मजबूत करना ही उनका लक्ष्य है। राष्ट्रदूत संवाददाता जयराम शर्मा से राजेश गुर्जर की हुई बातचीत के मुख्य अंश।

**सवाल-आपके पहले कार्यकाल में क्या उपलब्धियां रही जो संगठन ने दूसरी बार भरोसा जताया।**

जवाब-19 अगस्त 2023 को जिला अध्यक्ष बना था। बड़ी ज़िम्मेदारी थी एक एक कार्यकर्ता की भागीदारी से चुनाव जीतने के लिए रणनीति बनाई गई जिसके फलस्वरूप हमने 6 में से 4 विधान सभा में चुनाव जीते आज उपमुख्यमंत्री, और कैबिनेट मंत्री भी हमारे जिले से बने हमारे जिले में 4 लोक सभा लगती है। जिसमे से 5 विधानसभा क्षेत्र में सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से हमने शानदार बढ़त बनाई पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमो को धरातल पर उतारने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 बड़ी रैली का आयोजन भी हमारे जिले में किया। जिसमे सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर लगे और आप ने देखा राजस्थान की सबसे बड़ी सभा हुई है। सदस्यता अभियान हो या संगठन पर्व हर अभियान को हम चुनौती के रूप में लिया।

**सवाल- आपके क्षेत्र में 6 विधानसभा आती है यहां पार्टी का प्रदर्शन बेहतर करने और लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए क्या कार्ययोजना है।**

जवाब- हमारे जिले में 6 विधानसभा क्षेत्र है जिसके सभी कार्यकर्ता को संगठन सरंचना में जोड़ कर पुराने कार्यकर्ताओं का अनुभव और नए लोगों का सहयोग लिया। हर कार्यकर्ता को काम और हर काम को कार्यकर्ता के भाव से जोड़ने का काम किया।

**सवाल- संगठन के प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे कार्यक्रम और अभियानों के अलावा भी क्या जिले में नए कार्यक्रम चलाए जाएंगे।**

जवाब- सरकार और संगठन के काम के साथ साथ और भी कई कार्यक्रम किए गए हैं। सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया गया है और सरकार द्वारा चलाई गई योजनाएं कैसे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचे इसके लिए भी काम कर रहे है।

**सवाल- आपके क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों में अधिकांशत: हर बार जनता विधायक बदल देती है, इस परिपाटी को किस प्रकार बदलेंगे।**

जवाब- आम जनता और जनप्रतिनिधि के साथ अच्छा संवाद और समन्वय के साथ सहयोग हो सामाजिक, मुद्दों को उचित तरीके से समझ कर जनता के हित में निर्णय लिया जाए।

**सवाल- जनता में जनाधार बढ़ाने के लिए किस नीति पर कार्य किया जाएगा।**

जवाब- प्रत्येक समाज को उचित स्थान मिले हर वर्ग में हमारी पहुँच हो चाहे पंचायत राज हो या सहकारिता क्षेत्र हो या फिर डेयरी, उद्योग महिला या किसान, युवा पीढ़ी सभी को जोड़कर हमारे संगठन को सशक्त बनाया जा सकता है।

# भीलवाड़ा शहर में ब्रांडेड के नाम पर नकली, पुराना व घटिया सामान बेचने का आरोप

## मामले को लेकर भाजपा पार्षद राजेश सिंह सिसोदिया ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय वित्त मंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, सीएम और संबंधित विभागों को शिकायत भेजी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर में इन दिनों ब्रांडेड के नाम पर नकली, पुराना और घटिया सामान लोक लुभावने ऑफर के जरिए जीएसटी व अन्य कई टैक्स की चोरी करके धड़ल्ले से बेचे जाने का खेल खुलेआम चल रहा है। स्थानीय प्रशासन को लाख शिकायतों के बावजूद जब कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा के पार्षद ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय वित्त मंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, सीएम और संबंधित विभागों को लिखित में शिकायत की है।

जानकारी के अनुसार भाजपा पार्षद राजेश सिंह सिसोदिया ने एक शिकायती पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, गृहमंत्री अमित शाह के नाम भेजा, जिसमें उन्होंने बताया कि भीलवाड़ा में ब्रांडेड फैक्टरी के नाम से नकली और घटिया क्वालिटी के प्रोडक्ट लोक लुभावने ऑफरों के नाम पर धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। यही नहीं जिस जमीन पर ब्रांडेड फैक्टरी लगाकर इन प्रोडक्टों को बेचा जा रहा है उस जमीन के आवंटन और उपयोग में भी जमकर भ्रष्टाचार कर गलत तरीके से उपयोग में ली जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जमीन आवंटन गांधी फैक्टरी के नाम पर औद्योगिक इकाई लगाने के लिए किया गया था, लेकिन उसका ब्रांडेड फैक्टरी ग्लोबल



भीलवाड़ा शहर में ब्रांडेड के नाम पर नकली व घटिया सामान बेचा जा रहा है।

लिमिटेड कंपनी द्वारा व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है जो कि सरासर नियमों के विपरीत और भ्रष्टाचार की और इशारा करता है। यही नहीं उन्होंने व्यावसायिक उपयोग के जरिए अलग-अलग कंपनियों के ब्रांडेड प्रोडक्ट बता कर बेचे जा रहे समान में टैक्स चोरी, जीएसटी चोरी जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए कंपनी के निदेशक बसंत गांधी, लक्ष्मी लाल गांधी, पुनीता गांधी, ऐश्वर्या त्रिपाठी और मोनिका लालवानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पार्षद सिसोदिया ने अपने शिकायती पत्र में सरकार को राजस्व नुकसान और जीएसटी चोरी जैसे आरोप लगाने के साथ ही यह भी आरोप लगाया है कि उक्त ब्रांडेड फैक्टरी में नकली और पुराने प्रोडक्ट लोग लुभावने ऑफरों के जरिए 70 से 90 प्रतिशत की छूट के नाम पर ग्राहकों को बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार विभागों को इस संबंध में कई बार स्थानीय स्तर पर अवगत करवाया गया, लेकिन भ्रष्टाचार और मिलीभगत के चलते ब्रांडेड फैक्टरी पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले इतने बुलंद है कि भीलवाड़ा शहर के छुटपुट व्यापारियों का धंधा इनकी वजह से चौपट होने की कगार पर आ खड़ा हुआ है। इस तरह की फैक्ट्रियों के संचालन से ऑफरों के लालच में ग्राहक छोटे व्यापारियों से सामान नहीं खरीदते और इन लोग लुभावने ऑफर के लालच में आकर असली के नाम पर नकली

■ शिकायती पत्र में सरकार को राजस्व नुकसान और जीएसटी चोरी जैसे आरोप लगाये

प्रोडक्ट खरीदकर ठगी का शिकार हो रहे हैं।

वही दूसरी और ब्रांडेड फैक्टरी ग्लोबल लिमिटेड के फर्जीवाड़े से जुड़ी शिकायत भाजपा पार्षद राजेश सिंह द्वारा किए जाने के बाद फैक्टरी के प्रबंधक बसंत गांधी ने तर्क देते हुए कहा किनबार कोर्ड के जरिए टेक्स पेय बिल काटे जा रहे और जमीन आवंटन की शिकायत को निराधार है। खुद प्रबंधक गांधी ने कबूल किया है कि 3-4 साल कच्ची स्लिप के जरिए बिल काटे जाते थे, लेकिन अब बिल बनाने की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। बड़ा सवाल यह है कि करीब 4 साल से कच्ची पर्ची पर काटे गए बिलों के जरिए हुई टैक्स चोरी की जांच कौन करेगा?

वही मामले में शिकायतकर्ता ने उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है। यही नहीं उन्होंने आलाधिकारी और कुछ नेताओं के संरक्षण के चलते प्रबंधक बसंत गांधी पर कार्यवाही नहीं होने के भी संगीन आरोप लगाए है।

# पानी-भोजन की तलाश में जुटे दो तेंदुए पिंजरे में कैद हुये

**उदयपुर, (का.सं.)।** उदयपुर में गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर के आसपास के पहाड़ों पर आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है। इससे पहाड़ों में रहने वाले जीव जन्तुओं पर भी इसका असर दिखाई दे रहा है। जिले की खेमली पंचायत समिति के विजनवास-गंदोली मार्ग पर लगातार दहशत फैला रहे तेंदुए को वन विभाग ने पिंजरे में कैद कर लिया है। वहीं शुक्रवार को बिछडी के समीप भी एक तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ। बीते कई दिनों से यह तेंदुआ मवेशियों और कुत्तों को अपना शिकार बना रहा था, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था।

इसी प्रकार उदयपुर के कुराबड़ ब्लॉक के बिछड़ी गांव में भी शुक्रवार सुबह एक तेंदुआ झाडियों में लगे फंदे में फंस गया। तेंदुए के पिंजरे में कैद होने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और वन विभाग की टीम को जानकारी दी। वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तेंदुए को सज्जनगढ़ अभयारण्य के लिए रवाना किया। इधर शुक्रवार को शहर के समीप बिछडी पंचायत के आबादी क्षेत्र समीप झांडियों में एक तेंदुए के फंसने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। बिछडी गांव की सीमा

■ कई दिनों से एक तेंदुआ मवेशियों और कुत्तों को अपना शिकार बना रहा था, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था

के समीप झाड़ियों में फंसे तेंदुए को जब लोगों ने देखा तो वहीं पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। तेंदुए के झाड़ियों में फंसने की सूचना आग की तरह कुछ ही देर में पूरे गांव में फैल गई। इससे मौके पर कई लोग जमा हो गए।

मौके पर पहुंचे लोगों ने तेंदुए के झाड़ियों में फंसे होने की सूचना जनप्रतिनिधियों ने दी। इसके बाद जनप्रतिनिधियों ने प्रतापनगर थाना सहित वन विभाग को सूचना दी। इस पर प्रतापनगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबसे पहले तेंदुए को देखने के लिए जमा हुई भीड़ को वहां से हटाया ताकि किसी प्रकार की कोई अनहोनि घटना नहीं हो। पुलिस ने भी मौका स्थिति देखते हुए वन विभाग के अधिकारियों को तेंदुए के घायल होने की सूचना दी। इस पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू टीम ने तेंदुए को ट्रेक्यूलाइज करते हुए उसे पिंजरे में रखकर हॉस्पिटल ले जहां पर उसका इलाज जारी था।

ग्रामीणों की माने तो आसपास के पहाड़ों में आगजनी की घटनाएं बढ़ने की वजह से सैकड़ों की संख्या में जंगली जीव जंतुओं को नुकसान पहुंचा और तेंदुए को शिकार के लिए कुछ नहीं मिला तो तेंदुआ शिकार की तलाश में बीती रात को गांव की सीमा के समीप पहुंच गया लेकिन झाड़ियों में लोहे के तार होने की वजह से तेंदुआ उसमें फंस गया और घायल हो गया। घायल तेंदुआ वहां से भाग नहीं सका और जब शुक्रवार को लोगों ने उसे देखा तो वह उन्हें देख गुर्राने लगा। इस पर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों की सूचना के करीब एक घंटे बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए का रेस्क्यू कर लिया। इस तरह एक ही दिन में दो स्थानों पर तेंदुए की मौजूदगी से वन विभाग सक्रिय हुआ और समय रहते कार्रवाई कर ग्रामीणों को बड़ी राहत दी। विभाग ने लोगों से अपील की है कि जंगली जानवरों को देखने पर नजदीक न जाए और तुरंत सूचना दें।

# शादी करवाने के नाम पर 12 लाख रुपए ठगे

**हनुमानगढ़, (निसं)।** शादी करने की चाहत रखने वाले एक व्यक्ति के 12 लाख रुपए डूब गए। खुद को वर-वधू जोड़ी नामक ऑनलाइन साइट की मालिक बताने वाली एक महिला ने पीड़ित से अलग-अलग समय में 12 लाख रुपए ऐंठ लिए। इस सदमे में व्यक्ति की बुजुर्ग मां की मौत हो गई।

जंक्शन पुलिस थाने में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ है। रिपोर्ट में गुरदीप सिंह (42) पुत्र जसमेल सिंह निवासी वार्ड 44, सुरेशिया, जंक्शन ने बताया कि वह मजदूरी पर चला जाता था तब पीछे से उसकी मां की सेवा करने वाला कोई नहीं था। उसे अपना व माता का खाना बनाने व अन्य घरेलू कार्यों के लिए कठिनाई होती थी। इस कारण वह कई बार मजदूरी पर नहीं जा पाता था। शाम को जब मजदूरी कर थका-हारा घर आता तब घर के तमाम कार्य करने में कठिनाई होती थी। इसलिए वह शादी करना चाहता था। उसकी मां के नाम से कृषि भूमि थी। उसकी मां की अन्तिम इच्छा अपने पुत्र का घर बसाने की थी। इसलिए उसकी मां ने अपने नाम की कृषि भूमि बेचकर उसकी शादी करवाने के लिए रुपए दिए। इस पर उसने वर-वधू ऑनलाइन साइट से प्राप्त मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क किया तो प्रीति जैन ने खुद को वर-वधू साइट की मालिक

■ खुद को वर-वधू जोड़ी नामक ऑनलाइन साइट की मालिक बताने वाली एक महिला ने ठगी की

■ बेटे का घर बसाने के लिए मां ने जमीन बेचकर रुपए दिए थे, कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज

बताते हुए उसकी शादी शीघ्र करवाने का आश्वासन दिया। इस पर उसने वर-वधू जोड़ी की साइट से मिले मोबाइल नम्बरों के जरिए 16 जून 2023 को प्रीति जैन से बात की। प्रीति जैन ने कहा कि वे शादी के लिए लड़की ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। प्रीति जैन ने उसे विश्वास दिलवाने के लिए एक लड़की की फोटो भी वॉट्सऐप पर भेजी व उसकी फोन पर बात भी करवाई। इस पर उसे प्रीति जैन पर विश्वास हो गया। इस प्रकार उसे विश्वास में लेकर रुपयों की मांग की जाने लगी। प्रीति जैन व उसके साथ संलिप्त व्यक्तियों ने अलग-अलग समय में उससे करीब 12 लाख रुपए हड़प लिए।

## जेवर चोरी

**उदयपुर, (निसं)।** दुकान का ताला तोड़ सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना थाना क्षेत्र गुप्तेश्वर महादेव रोड़ तितरड़ी मैन रोड़ पर स्थित ओम ज्वेलर्स दुकान का 9 अप्रेल रात में अज्ञात चोर ताला तोड़ कर करीब 200 ग्राम के चांदी के जेवरात तथा सोने के दो मादलिये चुरा ले गए। दूसरे दिन दुकान पर पहुंचने पर मालिक महेन्द्र कुमार पुत्र पन्नालाल सोनी निवासी तितरड़ी आदर्शनगर ने ताला टूटा हुआ देख पुलिस को सूचना दी। इसी तरह शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने प्रभूलाल पुत्र रमेशचन्द्र निवासी डेचरा बब्बाला की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ देवाली गांव स्थित हर्ष पैलेस होटल के सामने से कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

## श्रमिक ने आत्महत्या की

**उदयपुर।** जिले के घासा थाना क्षैत्र में श्रमिक ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरू टीडी हॉल घासा दुर्गावतों का नोहरा घासा निवासी जीवन कुमार (21) पुत्र वेसाराम मीणा ने गुरूवार को अपने मकान के सामने स्थित बबूल के पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। एएसआई मांगीलाल ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## अवैध गैस रीफिलिंग का मामला पकड़ा

**पाली, (नि.सं.)।** पाली रसद विभाग की टीम ने कोतवाली थाना पुलिस की सूचना पर शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रीफिलिंग करने का मामला पकड़ा। यहां से रसद विभाग की

■ 17 सिलेंडर, रीफिलिंग की मशीन जब्त, खुले में टेक्सी में रखे थे सिलेंडर

टीम ने 17 गैस सिलेंडर और रीफिलिंग में काम आने वाली मशीन जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की।

जिला रसद अधिकारी पाली मनजीत सिंह ने बताया कि कोतवाली थाना पुलिस की सूचना पर शुक्रवार दोपहर को पुराना बस स्टैंड डाकघर के सामने पहुंचे। जहां एक सवारी टैक्सी में भारत गैस के सिलेंडर भरे हुए मिले। वहीं सामने स्थित एक दुकान की तलाशी ली तो उसमें भी गैस सिलेंडर और रिफिलिंग के काम आने वाली मशीन मिली। मौके से 17 गैस सिलेंडर जिसमें 5 सिलेंडर खाली थे और एक रीफिलिंग के काम आने वाली मशीन जब्त की।

# होटल में दबिश देकर नौ जुआरियों को पकड़ा

**सूरजगढ़, (निसं)।** कस्बे में स्थित होटल में बीती रात को सूरजगढ़ पुलिस ने दबिश देते हुए नौ जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा है। ये सभी जुआरी हरियाणा, कोटपुतली और चूरू के रहने वाले थे। जो देर रात को अपनी महंगी महंगी गाड़ियों से 100-125

■ सभी जुआरी हरियाणा, कोटपुतली और चूरू के रहने वाले थे

किलोमीटर का सफर तय कर सूरजगढ़ कस्बे में स्थित होटल पहुंचे। जहां पर ताशपत्ती का जुआ शुरू कर दिया। पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने एसएचओ हेमराज मीणा के नेतृत्व में दबिश दी।

मौके से पुलिस ने नौ जुआरियों को गिरफ्तार किया। वहीं आरोपियों से पांच लाख 45 हजार 430 रूपए व चार ताश की जोड़ी भी जब्त की गई है। पुलिस ने होटल के अंदर मौजूद छह गाड़ियों को भी जब्त किया है, जिसमें से पांच गाड़ियां महंगी और लग्जरी है। पुलिस ने मौके से जिन नौ गेम्बलरों को गिरफ्तार किया है।



होटल में दबिश देकर पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा।

उनमें छह हरियाणा और दो कोटपुतली इलाके हैं, जबकि एक चूरू का है, जिनमें हरियाणा के चरखी दादरी जिले के बाढड़ा थाना इलाके के कारी मोद निवासी विनोद मेघवाल, इसी थाना क्षेत्र के जेवली निवासी जयभगवान जाट, झज्जर जिले के सालावास थाना इलाके के सासरोली निवासी रवि जाट, भिवानी जिले के लोहारू थाना इलाके के फरटिया केहर निवासी बलवान सिंह जाट, हिसार जिले के अग्रोहा मोड़ थाना इलाके के किरमारा निवासी राजेश जाट, हिसार जिले के ही कस्बा हिसार सेक्टर नंबर 15 निवासी ईश्वर महाजन, कोटपुतली जिले के बहरोड़ थाना इलाके के झटगांव निवासी रमेश बावरिया, इसी थाना इलाके के गुवाना निवासी भवनेश यादव तथा चूरू जिले के हमीरवास थाना इलाके के रामपुरा निवासी नरेश कुमार उर्फ बिल्लू राजपूत को गिरफ्तार किया गया है।

एसएचओ हेमराज मीणा ने बताया कि बिना लाइसेंस के जुआ जैसी गतिविधियों का संचालन करने पर होटल के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर, आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। कल दुबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं पुलिस इन गिरफ्तार आरोपियों की आपराधिक रिकॉर्ड को भी खंगालने में जुटी है।

# अवैध बजरी खनन कर ले जाते एक गिरफ्तार

**खेतड़ी, (निसं)।** पचेरीकलां पुलिस ने चुड़ीना नदी में अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। आरोपी युवक प्रतिबंध क्षेत्र में अवैध खनन कर ट्रॉली भरकर ले जा रहा था।

थानाधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही के लिए पुलिस थाना

■ नदी के प्रतिबंधित खनन क्षेत्र में पुलिस ने की कार्रवाई

पचेरी कलां पर टीम गठित की ओर से निगरानी की जा रही थी।

इस दौरान गठित टीम ग्रांम चुडीना से भालोठ जाने वाले रास्ते पर पहुंची तो सामने से एक ट्रेक्टर मय ट्रॉली आता हुआ दिखाई दिया, जिसको रूकवाकर चैक किया तो ट्रैक्टर की ट्रॉली में अवैध खनन कर लाई गई बजरी भरी हुई थी। जिस पर ट्रैक्टर चालक प्रदीप को बजरी खनन कर परिवहन रवन्ना व अनुज्ञापत्र के बारे में पूछा तो कोई रवन्ना अनुज्ञापत्र अपने पास नहीं होना बताया।

जिस पर चालक के कब्जे से अवैध बजरी से भरे हुए ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया गया व आरोपी चुड़ीना निवासी प्रदीप पुत्र वेदसिंह को गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस की ओर से अवैध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राजपाल सिंह, एचसी विरेन्द्र, कांस्टेबल कमलेश, रणवीर, शेखर, विजय, बलकेश आदि शामिल थे।

## दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया

**उदयपुर।** शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी कमल परदेशी पुत्र शांतिलाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी से अगस्त 2024 में इंस्टाग्राम पर संपर्क हुआ। इस दौरान नजदीकियां बढ़ने पर आरोपी ने शादी की बात कही।

# मधुमक्खियों के हमले से चार युवक घायल

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर स्थित अगस्त मुनि की पहाड़ी पर घूमने गए चार युवकों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हमले की स्थिति में चारों अपनी जान बचाने के लिए पानी में कूद पड़े, परन्तु राहत नहीं मिलने पर मंदिर में घुसकर जान बचाई। अर्जुन जांगिड़ ने निस्वार्थ सेवाओं द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम देने वाले पुलिस मित्र टीम पुष्कर से मदद हेतु सम्पर्क किया।

सूचना प्राप्त होते ही पुलिस मित्र टीम इंचार्ज अमित भट्ट ने पुष्कर थानाधिकारी विक्रम सिंह राठौर के निर्देशन में पुलिस मित्र टीम के सांवरा शर्मा, राजेन्द्र वछानी,

■ हमले की स्थिति में चारों अपनी जान बचाने के लिए पानी में कूद पड़े

■ राहत नहीं मिलने पर चारों युवकों ने मंदिर में घुसकर जान बचाई

मनीष कुमावत समेत गजेंद्र के साथ बिना समय गंवाए तुरन्त मौके पर पहुंचे और घायलों का रेस्क्यू करके उन्हें अस्पताल पहुंचाया। घायलों में मनोज पारीक, नारायण समेत अन्य साथियों को अस्पताल पहुचाया गया जहाँ उनका उचित उपचार शुरू कर कुछ देर बाद छुटी दे दी। पर्यावरण प्रेमी पुलिसमित्र राजेन्द्र वछानी ने बताया कि मधुमक्खियों के डंक से गंभीर एलर्जी (एनाफिलेक्सिस) हो सकती है, जो जानलेवा हो सकती है। इसके अलावा, एक साथ कई डंक मारने से शरीर में जहर फैल सकता है, जिससे तुरंत चिकित्सा की जरूरत पड़ती है। पुलिस मित्र टीम ने इसलिए तेजी से कार्रवाई की, क्योंकि घटना की सूचना मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया गया।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 101वें दिन भी अनवरत जारी

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर सामाजिक संगठनों एवं संघर्ष समिति शाहपुरा के सदस्य शांतिपूर्ण तरीके से नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचकर शाहपुरा जिले को समाप्त करने के विरोध में प्रदर्शन किया। वहीं शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा देने की मांग का ज्ञापन राज्यपाल के नाम संघर्ष समिति को दिया।

शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा, संयोजक रामप्रसाद जाट, महासचिव कमलेश मुंडेतिया, अभिभाषक संस्था उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रतापसिंह राणावत, अधिवक्ता आशीष पालीवाल, ताज मोहम्मद, विक्रम गुर्जर, किसान केसरी संघ अध्यक्ष सूर्यप्रकाश ओझा, अंबेडकर विचार मंच अध्यक्ष सुरेश घूसर, प्रॉपर्टी यूनियन अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा शक्ति सिंह परिहार, संघर्ष समिति सदस्य उदय लाल बैरवा, हाजी उस्मान मोहम्मद छीपा, सत्यनारायण पाठक, रविशंकर उपाध्याय, रज्जाक मोहम्मद, धनराज जीनगर, दीपक बैरवा, किशन कहार,

■ जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर सामाजिक संगठनों एवं संघर्ष समिति के सदस्य बैठे

मदनलाल कंडारा, अविनाश, अभिषेक सोनी, विजय टेलर सहित कई सदस्य क्रमिक अनशन धरने बैठे।

शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति महासचिव व संस्था सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि 11 अप्रैल को संघर्ष समिति की आंदोलन की रणनीति को लेकर समीक्षा बैठक धरना स्थल पर संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें जिला आंदोलन को लेकर को आगामी रूपरेखा तैयार कर सर्वसम्मति से आंदोलन और धरने को निरंतर अनवरत जारी रखने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। संयोजक रामप्रसाद जाट ने बताया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जोड़ने के लिए दो टीमें बनाई गई जो आंदोलन को प्रभावी तरीके से संचालित करने में अहम भूमिका निभाएगी और विभिन्न संगठनों द्वारा स्वेच्छा से दिनांक 30 अप्रैल तक निरंतर धरने पर बैठने वालों की सूची तैयार की गई। संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा ने कहा कि 28 अप्रैल को ब्लैक-डे मनाया जाएगा जिसमें शाहपुरा 11 बजे तक स्वैच्छिक बंद रहेगा तथा खून से हस्ताक्षर करने सहित यूनिक कार्यक्रम के माध्यम से अनूठा प्रदर्शन कर सरकार से शाहपुर जिले की बहाली की मांग की जाएगी। संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि 12 अप्रैल को क्रमिक अनशन धरने पर सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं संघर्ष समिति सदस्य बैठेंगे। समीक्षा बैठक में धरने पर बैठे उक्त सामाजिक संगठनों एवं संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा अधिवक्ता मौजूद रहे। गुरुवार शाम त्रिमूर्ति चौराहे पर संघर्ष समिति द्वारा आयोजित कुंभकरण नाटक मंचन से लोगों में भारी उत्साह का संचार हुआ और सामाजिक संगठनों का लगातार सहयोग और समर्थन मिल रहा है, इसलिए जन भावना को देखते हुए आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

# भीलवाड़ा पुलिस ने 326 स्थानों से 305 अपराधियों को गिरफ्तार किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** अपराधियों की धरपकड़ के लिए भीलवाड़ा पुलिस भारी जाप्ते के साथ निकली और दर्जनों स्थानों पर दबिश देकर अलग-अलग मामलों के सैकड़ों आरोपियों की गिरफ्तारी को अंजाम दिया। एरिया डोमिनेशन के सम्बन्ध में एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत 119 टीमों ने 326 स्थानों पर छापेमारी कर 305 अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश में चलाए गए इस अभियान के तहत 119 पुलिस टीमों का गठन किया गया, जिसमें 481 पुलिसकर्मी शामिल थे। टीमों ने 326 स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान आबकारी एक्ट में 13 प्रकरण दर्ज किये गये। साथ ही देशी व हथकड़ शराब जब्त कर 5895 लीटर वॉश नष्ट किया गया। स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंट आदि के तहत 49 लोगों को, जबकि चाकू के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर और इनामी 14 अपराधियों को, जबकि लूट व डकैती



पुलिस ने एक दिवसीय विशेष अभियान के तहत अपराधियों को गिरफ्तार किया।

के मामले में एक आरोपित को पकड़ा। इसके अलावा असामाजिक तत्वों के खिलाफ पाबंदी की कार्रवाई में 167 लोगों को, निरोधात्मक कार्रवाई के तहत दस अपराधियों सहित कुल 305 अपराधियों की अभियान के दौरान गिरफ्तारी की गई। इससे पहले सभी डीएसपी, एसएचओ से चर्चा कर कार्य योजना के साथ टास्क दिया गया।

**टोल केबिन व कार में लगी आग :** उदययुर शहर के समीप तीरतड़ी स्थित टोल नाके के केबितन में आग लग गई। जिससे कोई जन हानी नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को उदयपुर जयसमन्द रोड़ डाकन कोटड़ा स्थित राजस्थान राज्य सडक परिवहन के समीप स्थित टोल नाके के केबिन में अचानक आग लग गई। इसको देख वहां

■ अभियान के तहत 119 पुलिस टीमों का गठन किया गया, जिसमें 481 पुलिसकर्मी शामिल थे

मौजूद कर्मचारियों ने बाहर निकाल जान बचा कर फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर आग पर काबू किया। आग से टोल नाके का सर्वररूम पूरी तरह जल कर नष्ट हो गया। हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। इसी तरह उदयपुर चित्तौड़ मार्ग पर डबोक से उदयपुर आने वाले रास्ते देबारी घाटा वाली माता मंदिर के समीप शुक्रवार को चलती कार में अचानक आग लग गई। इसका पता चलने पर चालक व यात्रियों ने बाहर निकलकर अपनी जान बचाई तथा सूचना मिलने पर पुलिस एवं फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू किया। जब तक कार पूरी तरह जल कर नष्ट हो चुकी थी।



मैं अपने ब्रांड 8 को वैश्विक स्तर पर ले जाना चाहता हूं। इससे साफ है कि मैं क्रिकेट के बाद अपने बिजनेस पर ज्यादा फोकस करूंगा। जिसकी प्लानिंग मैं अभी से कर रहे हूं। - विराट कोहली

भारतीय क्रिकेटर, खेल उत्पाद कंपनी प्यूमा के साथ अपना करार खत्म करने के बाद बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ जेम्स एंडरसन



**इंग्लैंड** के पूर्व क्रिकेटर जेम्स एंडरसन को देश के सबसे बड़े सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। एंडरसन को क्रिकेट में उनके सराहनीय योगदान के लिए नाइटहुड का सम्मान दिया जाएगा। एंडरसन ने अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इस्तीफा देते वक्त कुछ पुरस्कारों की घोषणा की थी। इन नामों में नाइटहुड के लिए जेम्स एंडरसन का ना भी शामिल था।एंडरसन ने अपने करियर में कुल 188 टेस्ट मैच खेले हैं। ये किसी तेज गेंदबाज द्वारा खेले गए टेस्ट मैचों की सबसे ज्यादा संख्या है।

**क्या आप जानते हैं ?...** सुनील छेत्री को भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक माना जाता है।






जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 13 अप्रैल को होने वाले राजस्थान रॉयल्स व रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मैच की तैयारियों का जायजा लेते हुए राजस्थान पुलिस के अधिकारी, राजस्थान रॉयल्स के उपाध्यक्ष राजीव खन्ना व खेल परिषद अध्यक्ष नीरज के. पवन।

# कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हराया

चेन्नई, 11 अप्रैल। सुनील नारायण (तीन विकेट और 44 रन) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 25वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 59 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। कोलकाता की छह मैचों में यह तीसरी जीत है। 104 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए क्विंटन डी कॉक और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े।

पांचवें ओवर में अंशुल काम्बोज ने क्विंटन डी कॉक 16 गेंदों में (23) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद आठवें ओवर की पहली गेंद पर नूर अहमद ने सुनील नारायण को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। सुनील नारायण ने 18 गेंदों में दो चौके और पांच छक्के लगाते हुए (44) रनों की पारी खेली। कप्तान अजिंक्य रहाणे (20) और रिंकू सिंह (15) रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 10.1 ओवर में दो विकेट पर 107 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। चेन्नई की छह मैचों में यह पांचवीं हार है।



चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से अंशुल काम्बोज और नूर अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

आज यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्या रहाणे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 16 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। डेवन कॉन्वे (12) को मोईन अली ने पगबाधा आउटकर कोलकाता को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद पांचवें ओवर में हर्षित राणा ने रचिन रविंद्र (चार) को आउटकर चेन्नई को दूसरा झटका दिया। इसके बाद विजय शंकर और शिवम दुबे ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने विजय शंकर 21 गेंद में (29) रन को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने महज 20 रन जोड़ कर अपने पांच विकेट गवां दिये। 17.2ओवर में चेन्नई के 79 रन पर नौ विकेट गिर चुके थे। ऐसे संकट के समय शिवम दुबे और अंशुल कांबोज ने संघर्ष पूर्ण पारी खेली और टीम के स्कोर को पार पहुंचाया।

चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरो में नौ विकेट पर 103 रन बनाये। शिवम दुबे 29 गेंदों में 31 रन बनाकर नाबाद रहे। काम्बोज ने (नाबाद तीन) रन बनाये। शिवम दुबे और काम्बोज के बीच आखिरी विकेट के लिए 34 रनों की अवजित साझेदारी हुई। कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से सुनील नारायण ने तीन विकेट, हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये। वैभव अरोड़ और मोईन अली ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# राजस्थान रॉयल्स की टीम काफी यंग और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है : तुषार देशपांडे

जयपुर, 11 अप्रैल। तुषार देशपांडे, बाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज हैं, जिनका जन्म 15 मई, 1995 को मुंबई, भारत में हुआ था। देशपांडे की सबसे तेज़ गेंद 145.6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से फेंकी गई। राजस्थान रॉयल्स की ओर से 2025 के आईपीएल खेल रहे तुषार देशपांडे ने सीएसके ओर राजस्थान रॉयल्स के अनुभव शेयर करते हुए कहा कि सीएसके के लिये खेला, अब राजस्थान रॉयल्स के लिये खेल रहा हूं। हमारी टीम काफी यंग है।

खेल अनुभव की कोई कमी नही है। ये अलग चेलेंज की तरह है। सीएसके ओर राजस्थान रॉयल्स के बीच कई समानता है, एटमॉस्फियर व मैनेजमेंट वाइज। तुषार ने धोनी और सैमसन को लेकर कहा कि दोनों में कम्पेयर नही कर सकते। धोनी अपनी जगह है, संजू अपनी जगह है।दोनों ही अपनी अपनी फील्ड में आगे हैं। दोनों ही विकेटकीपर व बल्लेबाज होने के साथ साथ विकेट के पीछे रहकर रीड करते है। संजू काफी यंग है।

हर मैच में प्रेशर होता ही है। किसीभी टीम को लाइट नही ले सकते है।वही फ्रेश माइंड से हर मैच को जितना है। आर्चर की गेंदबाजी के बारे में बताया कि राजस्थान



रॉयल्स टीम की बेहतरी के लिए ये सही है कि पहले 2-3 ओवरों में ही 1-2 विकेट मिल जाये, इसीलिए आर्चर गेंदबाजी के लिए अच्छा है। अगर एक दो मैच में अच्छा प्रदर्शन नही रहा है तो ये नही की हर मैच में खराब प्रदर्शन रहेगा। मेरा जो भी प्रोसेस है उसी पर ध्यान रखता हूं।

यशस्वी जायसवाल के बारे में तुषार ने कहा कि जायसवाल एक टेलेंटेड खिलाड़ी है। भारत के लिये कई विनिंग परफॉर्मेंस दिये है। एक दो मैच में किसी को जज नही कर सकते है। विराट कोहली के लिये राजस्थान रॉयल्स की ओर से कोई खास रणनीति नही बनाई है, मैच के वक़्त ही देख जाएगा।

तुषार देशपांडे को आईपीएल 2020 की नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने चुन लिया। 2022 में, चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें मेगा नीलामी में हासिल किया, और देशपांडे ने आईपीएल 2023 में पहले इम्पैक्ट प्लेयर बनकर इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। वह सीज़न उनके लिए सफल वर्ष साबित हुआ, क्योंकि उन्होंने 16 मैचों में 21 विकेट लेकर चेन्नई सुपर किंग्स के पेस अटैक की अगुआई की और खिताब जीतने वाले अभियान में उनके सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बने। उन्होंने आईपीएल 2024 में अपनी मज़बूत फ़ॉर्म जारी रखी, घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 17 विकेट जोड़े, जहाँ उन्होंने 15 विकेट लेकर मुंबई की रणजी ट्रॉफी जीत में अहम भूमिका निभाई। उस सीज़न में उन्होंने अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक भी दर्ज किया। उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें जुलाई 2024 में ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ़ भारत के लिए पदार्पण का मौक़ा दिया। आईपीएल 2025 की नीलामी में, राजस्थान रॉयल्स ने 6.5 करोड़ में उनकी सेवाएँ हासिल कीं। वह संदीप शर्मा और जोफ़्रा आर्चर के साथ राजस्थान रॉयल्स के पेस अटैक में एक अहम हथियार होंगे।

## राजस्थान कैरम चैम्पियनशिप आज से

जयपुर, 11 अप्रैल। राजस्थान राज्य कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज खत्री ने बताया कि राजस्थान राज्य कैरम एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला कैरम संघ, टोंक के सहयोग एवं प्रायोजन से राजस्थान राज्य कैरम प्रतियोगिता 2025-2026 का शुभारंभ टोंक में दिनांक 12 अप्रेल 2025 को होटल लक्ष्मी विलास, कोटा जयपुर बाई पास रोड, टोंक में हो रहा है। इस प्रतियोगिता में केवल पुरुष वर्ग की कैरम की सिंगल्स एवं डबल्स की स्पर्धाएं खेली जाएंगी। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 14 अप्रैल, 2025 को आयोजित होगा।




सवाई मानसिंह स्टेडियम में कल होने वाले मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। ( साथ ही ) व्हीलचेयर पर नजर रखे हुए हैड कोच राहुल द्रविड़।

## कीपिंग करते हुए पिच का मिजाज को पढ़कर खेली बड़ी पारी : राहुल

बेंगलुरु, 11 अप्रैल। दिल्ली कैपिटल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि कीपिंग करते हुए पिच के मिजाज को समझा और आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए बड़ी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। मैच के बाद राहुल ने कहा कि उन्हें बेंगलुरु की परिस्थितियों की अच्छी जानकारी है। उन्होंने कर्नाटक के खिलाड़ी कि के रूप में अपना पूरा करियर इस शहर में खेलते हुए बिताया है। उन्होंने कहा कि यह थोड़ी मुश्किल पिच थी, लेकिन मेरा मानना है कि मुझे जो मदद मिली वह यह थी कि मैंने 20 ओवर तक विकेट के पीछे रहकर देखा कि पिच कैसे खेल रही है। मुझे विकेटकीपिंग करते हुए लगा कि गेंद पिच पर थोड़ा रुक कर रही थी और दोनों पारियों के दौरान पिच का मिजाज एक जैसी ही रहा। राहुल ने कहा, यह दोहरी गति वाली पिच नहीं थी, बल्कि गेंद एक ही गति से बल्ले पर आ रही थी,। बस थोड़ा ,सा रुक रही थी। मुझे पता था कि मेरी स्ट्रेंथ क्या हैं, इसलिए मैं शुरुआत आक्रामक बल्लेबाजी करना चाहता था और फिर उसके बाद पिच को पढ़ना चाहता था और मैंने वही किया।

## पाक महिला टीम ने स्कॉटलैंड को छह विकेट से हराया

लाहौर, 11 अप्रैल। फातिमा सना (चार विकेट) और सादिया इकबाल (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद मुनीबा अली (71) और आलिया रियाज (नाबाद 68) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने आईसीसी महिला विश्वकप क्वालीफायर के चौथे मुकाबले में स्कॉटलैंड को आठ गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया।

## एमटी 400 वर्ल्ड टेनिस में शिवपुरी व चटवाल का शानदार प्रदर्शन



जयपुर, 11 अप्रैल। एम टी 400 वर्ल्ड टेनिस टूर के डायरेक्टर पंकज दीक्षित के अनुसार आज विभिन्न आयु वर्ग के क्वार्टर, सेमी व फाइनल के मैच खेले गए इसमें जयपुर के स्टार खिलाड़ी दिलीप शिवपुरी ने युगल 70 प्लस के सेमी फाइनल मे शिवपुरी व चट्टवाल की जोड़ी ने सुशील मिढ़ा व रवि तोषनीवाल को 6-1, 6-2, से हरा फाइनल में प्रवेश किया। वही दिलीप शिवपुरी को 70 प्लस एकल में अपने ही युगल पार्टनर चटवाल से हार कर उपविजेता रहे, एक अन्य सेमीफाइनल में तुलसीरामू व जगत सिंह राठौड़ ने अरविंद भसीन व प्रदीप जैन को 6-0, 6-3 से हराया ।अन्य रिजल्ट निम्न प्रकार हैं

**75 युगल फाइनल में :** गोविंद कृष्ण कुमार व धवल पटेल ने कर्नल राकेश भंडारी व दर्शन लाल मारिया को 6-4, 6-1 से हराकर खिताब जीता।

**65 सेमी फाइनल :** अजय तलवार ने राकेश कोहली को 7-5, 6-0 से, योगेश शाह ने अनिल निगम 2-6, 6-2,10-8 से, हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

**60 क्वार्टर फाइनल :** राजन बेरी ने परेश पटेल को 6-2, 6-3 से, पवन जैन ने यसपाल अरोड़ा को 6-4, 1-6, 10-8 से, शिरीष नंदूरीकर व अनिल कुमार 6-2, 6-2 से, दीपांकर चक्रवर्ती ने चंद्र भूषण को 4-6, 6-2, 10-6 से हराकर सेमी-फाइनल में प्रवेश किया।

## आशी व अभ्युदय ने जीते खिताब

लखनऊ, 11 अप्रैल। उत्तर प्रदेश की आशी शमशेरी और अभ्युदय ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डा. केएल गर्ग मेमोरियल आइटा सीएस-7 (अंडर-18) टेनिस टूर्नामेंट में क्रमश: बालिका और बालक वर्ग के खिताब अपने नाम कर लिए। बालिका वर्ग के फाइनल में दूसरी वरीय आशी शमशेरी ने उत्तर प्रदेश की ही सिद्धि सिंह को 6-3, 6-2 से हराकर खिताब जीता। पूरे मैच में आशी ने शानदार कोर्ट कवरेज का नजारा पेश किया और सटीक शॉट्स लगाए और जीत सुनिश्चित की। वहीं बालक वर्ग में अभ्युदय ने तेजतर्रार सर्विस करने के साथ दमदार फोरहैंड और बैक हैंड शॉट खेलते हुए खिताबी जीत दर्ज की।

## वेस्टइंडीज की महिला टीम ने आयरलैंड को छह रन से हराया

लाहौर, 11 अप्रैल। चिनेल हेनरी (नाबाद 46), स्टेफनी टेलर (46) और जैदा जेम्स (36) रनों की पारियों के बाद हैली मैथ्यूज (चार विकेट), करिश्मा रामहेक और आलियाह एलीने (दो-दो विकेट) की बदौलत वेस्टइंडीज की महिला टीम ने शुक्रवार आईसीसी महिला विश्वकप क्वालीफायर के पांचवें मुकाबले में आयरलैंड को छह रन से हरा दिया। बारिश के कारण मैच को 33-33 ओवरों का कर दिया गया था। वेस्टइंडीज के 181 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड के बल्लेबाज वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके। आयरलैंड के लिए एमी हंटर ने 46 गेंदों में (48), लौरा डेलानी (32), क्रिस्टीना कोल्टर रीली (26), अर्लीन केली (18) और कप्तान गैबी लुईस ने (17) रनों की पारी खेली। एक समय ऐसा लगा रहा था कि आयरलैंड यह मुकाबला आसानी से जीत लेगा। 33वें ओवर की दूसरी गेंद पर हैली मैथ्यूज ने अर्लीन केली को आउटकर आयरलैंड के हाथों से जीत छीन ली। वेस्टइंडीज की ओर से हैली मैथ्यूज ने चार विकेट, करिश्मा रामहेक और आलियाह एलीने ने दो-दो विकेट लिये। एफी फ्लैचर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। आज यहां आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 29 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। इसके बाद जैदा जेम्स और स्टेफनी टेलर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 87 रनों की साझेदारी हुई।

# भारत को मिल सकती है एएफसी एशियाई कप 2031 की मेजबानी

नई दिल्ली, 11 अप्रैल। एएफसी एशियाई कप 2031 की मेजबानी भारत के हाथों में आ सकती है। दरअसल, भारत समेत इस टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए 7 बोलियां प्राप्त हुई हैं, इसमें एक जॉइंट बोली भी है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एएफसी एशियाई कप 2031 की मेजबानी के लिए आधिकारिक तौर पर अपनी बोली प्रस्तुत की है। कुआलालंपुर में एएफसी कार्यकारी समिति की मीटिंग में एएफसी अध्यक्ष शेख सलमान बिन इब्राहिम ने कंफर्म किया है कि 27 नवंबर 2024 को सदस्य संघों को भेजे गए निमंत्रण के बाद एक संयुक्त बोली सहित 7 बोलियां मिली हैं।

प्रस्तुतियां देने की अंतिम तारीख 31 मार्च, 2025 थी। भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात और कीर्गिस्तान ने बोली प्रस्तुत की है। ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान की संयुक्त बोली हैं। शेख सलमान ने अभूतपूर्व रुचि की सराहना की और इसका श्रेय टूर्नामेंट के बढ़ते कद को दिया, विशेष रूप से कतर में रिकॉर्ड तोड़



2023 सीजन के बाद, जिसमें 160 क्षेत्रों में 7.9 बिलियन डिजिटल इंप्रेशन और वैश्विक दर्शक संख्या देखी गई।

## भारतीय टीम ने बिली जीन किंग कप में हांगकांग को 2-1 से हराया

पुणे, 11 अप्रैल। भारतीय टीम ने हांगकांग को 2-1 से हराकर बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 में अपना विजयी अभियान जारी रखा है। पुणे के महालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को खेले गये मुकाबले में वैदेही चौधरी के दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत को टूर्नामेंट के तीसरे दिन शानदार शुरुआत दी। अहमदाबाद की इस युवा खिलाड़ी ने टाई-ब्रेकर तक खिंचा पहला सेट कड़े संघर्ष के साथ मुकाबल 10-8 से जीता। दूसरे सेट में वह बिना समय गंवाए शुरुआत से ही अपनी प्रतिद्वंद्वी पर हावी रही और दो घंटे, तीन मिनट तक चले मैच को 7-6 (10-8), 6-1 से जीत लिया। इस जीत के साथ भारत को हांगकांग के खिलाफ 1-0 की बढ़त मिली। दोनों देशों के बीच दूसरे एकल मुकाबले में, श्रीवल्ली भामिदीपती ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन मैचों के बाद अपना शत-प्रतिशत रिकॉर्ड जारी रखा। भारत के युवा स्टार श्रीवल्ली ने दो घंटे, 27 मिनट तक चले मुकाबले का पहला सेट टाईब्रेक में 8-6 से जीता।

## स्टार क्रिकेट एकेडमी ने आरसीसी को हराया

जयपुर, 11 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में पूल बी के मैच में स्टार क्रिकेट एकेडमी ने आर सी सी को 16 रनों से हराया। आज प्रात: अरावली ग्राउंड पर पूल बी के मैच में स्टार क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वरुण गुप्ता के 73 रन, ऋतिक चावला के 61 रन, रौनक सैनी के नाबाद 80 रन व आदित्य सराफ के 20 रनों से 50 ओवर में 9 विकेट पर 278 रन बनाए। आर सी सी के लिए सचिन गुर्जर ने 46 पर 3, अरमान खान ने 39 पर 2, हुसैन खान व कृष्णा ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी में आर सी सी की टीम ने कृष्णा सिंह के 55 रन, अरमान खान के 63 रन, सचिन गुर्जर के 28 रन, मौलिक झरवाल के 22 रन, मोहम्मद जैद 19 रन व विवेक सिंह के 19 रन से 48.1 ओवर में 248 रन बनाकर आउट हो गईं। स्टार क्रिकेट एकेडमी के लिए रौनक सैनी ने 63 पर 3, राहुल, अथर्व सिंह व हर्ष शर्मा ने एक-एक विकेट लिया।

## जयपुर में फैंस को संजू सैमसन के करीब लेकर आई जियोस्टार की 'स्टार नहीं फार' पहल

जयपुर, 11 अप्रैल। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन जियोस्टार के रोमांचक फैन इंगेजमेंट इनिशिएटिव 'स्टार नहीं फार' के तहत गुलाबी नगरी में घूमे। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य क्रिकेट सितारों और उनके फैन्स के बीच की खाई को पाटना है और सैमसन का जयपुर में एक्शन से भरपूर दिन अविस्मरणीय क्षण से भरपूर और दिल को छू लेने वाली बातचीत वाला रहा।

दिन को एक खूबसूरत मोड़ देते हुए, सैमसन और साहिबा ने जयपुर की शानदार सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के साथ क्रिकेट के प्रति प्रेम को मिलाते हुए प्रतिष्ठित अल्बर्ट हॉल संग्रहालय का रुख किया। दिन का समापन एक बेहतरीन नोट पर हुआ, जिसमें दोनों ने एक साथ पारंपरिक राजस्थानी भोजन का आनंद लिया। इसके माध्यम से दोनों ने पहले से ही यादगार अनुभव में स्थानीय स्वाद का टच जोड़ा।

'स्टार नहीं फार' के माध्यम से, जियोस्टार क्रिकेट के आइडल्स को उनके सपोर्टर्स के करीब लाकर फैन्स के अनुभवों को फिर से परिभाषित करना



जारी रखें हुए है। इस तरह की अंतरंग, करीबी बातचीत के साथ, यह इनिशिएटिव खिलाड़ियों और फैन्स के बीच भावनात्मक संबंध को मजबूत करती है - जिससे यह खेल और भी अधिक व्यक्तिगत और विशेष लगता है।इस रविवार 13 अप्रैल घरेलू टीम राजस्थान रॉयल्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से दोपहर 3:30 बजे से होगा। 7-13 अप्रैल के बीच होने वाले रोमांचक टाटा आईपीएल राइवलरी वीक को जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव और एक्सक्लूसिव रूप से देखना न भूलें।

## लैनिंग की सहायक कोच, मेंटर के रूप में हुई राष्ट्रीय टीम में वापसी

ब्रिसबेन, 11 अप्रैल। सात बार की विश्व कप विजेता पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लैनिंग की आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप 2027 की तैयारियों को लेकर 26 सदस्यीय टीम के लिए सहायक कोच और मेंटर के रूप में राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई हैं। लैनिंग बनाम पेरी श्रृंखला में लैनिंग अपने नाम वाली टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होंगी, हालांकि वह ब्रिस्बेन के राष्ट्रीय क्रिकेट परिसर के शिविर में शामिल सभी खिलाड़ियों के साथ काम करेंगी। यह समूह अप्रैल के अंत में तीन टी-20 मैचों के लिए एकत्रित होगा, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया 2027 टूर्नामेंट की तैयारी शुरू कर रहा है और इस दौरान खिलाड़ी अपने खेल में सुधार करने के लिए ध्यान केंद्रित करने के लिए अलग-अलग सत्रों में भाग लेंगे। इस सीरीज के लिए चयन को वाईएसपी द्वारा राज्य और क्षेत्रीय संघों के सहयोग से नामांकन प्रक्रिया के माध्यम से अंतिम रूप दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विकास प्रमुख सोन्या थॉम्पसन का मानना है कि लैनिंग का जुड़ना अगली पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए सीखने और अपने भविष्य को बदलने वाला अवसर है।

## पूर्व महिला खिलाड़ियों के प्रतिनिधिमंडल ने की आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी से मुलाकात

जयपुर, 11 अप्रैल। राजस्थान की पूर्व महिला खिलाडियों के 12 सदस्य प्रतिनिधिमंडल ने बीसीसीआई की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने के सम्बन्ध में आज जयपुर में आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी को राजस्थान क्रिकेट संघ एडहॉक कमेटी द्वारा सकारात्मक पहल करते हुए राज्य के पूर्व रणजी खिलाडियों को दी जा रही पेंशन के समान ही पूर्व महिला खिलाडियों के लिए भी पेंशन शुरू करने सहित अन्य मांगोके सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा व एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत से मुलाकात की।

खिलाडियों के प्रतिनिधिमंडल ने बिहाणी जी से आग्रह किया की जिस प्रकार बीसीसीआई से सम्बंधितअन्य राज्य क्रिकेट संघ बीसीसीआई की तर्ज पर पूर्व महिला खिलाडियों को आर्थिक सम्बल प्रदान करने व युवा खिलाडियों को खेल के हित में प्रोत्साहित करने की दिशा में पूर्व महिला खिलाडियों हेतु पेंशन स्किमशुरू कर चुके हैं , राजस्थान क्रिकेट संघ को भी अपनी पूर्व महिला खिलाडियों हेतु पेंशन स्किम शुरू करनी चाहिए।



पूर्व महिला खिलाडियों के प्रतिनिधिमंडल ने संयोजक से राजस्थान प्रीमियर लीग आयोजित करने की मांग भी रखी। महिला खिलाडियों की मांग थी की महिला जैसी प्रतियोगिता राज्य की युवा खिलाडियों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए सबसे उचित मंच है व इस प्रकार की प्रतियोगिता से खिलाडियों में आत्मविश्वास को बढाती है। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक बिहाणीजी ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी मांगो पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया है।

पूर्व महिला खिलाडियों 12 सदस्य प्रतिनिधिमंडल में सुमति दवे , सुनीता भारद्वाज, रचना कट्ट, मीना साहू, गंगोत्री चौहान, अंजू चौहान, रेनू यादव, अनुप्रिया चतुर्वेदी, हेमलता रावत, कृतिका कुशवा, पूर्णिमा सिंह, विजिताराज मौजूद रही।

# 'ज्योतिबा फुले का जीवन सामाजिक समरसता व सशक्तिकरण को समर्पित था'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा, यह जयन्ती समारोह उनके प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है

जयपुर, 11 अप्रेल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महान शिक्षाविद् तथा समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने नारी शिक्षा, किसानों के अधिकार और सामाजिक न्याय की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले जी द्वारा दिखाए गये रास्ते पर चलते हुए राज्य सरकार राजस्थान को कृषक-कल्याणकारी राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प है।

शर्मा शुक्रवार को मुहाना मंडी परिसर में ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह केवल एक जयंती समारोह नहीं, बल्कि उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ज्योतिबा फुले जी ने भारतीय समाज को एक नई दिशा दी, अंधेरे में प्रकाश का दीप जलाया और उत्पीड़ित वर्गों को सम्मान व समानता का अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा ने शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाते हुए, अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर पुणे में लड़कियों के लिए पहला स्कूल शुरू किया। सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका के रूप में इतिहास में दर्ज हुईं। शर्मा ने कहा कि उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना कर समाज में फैली जातिगत असमानता को दूर करने, सत्य की खोज और मानवता की सेवा का संदेश दिया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती पर मुहाना मंडी परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा महान शिक्षाविद् समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्योतिबा फुले के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राज्य सरकार ने फल-सब्जी व्यापारियों और बागवानी करने वाले किसानों के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनका लाभ आने वाले वर्षों तक प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में नई कृषि मंडियों की स्थापना से किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने और स्थानीय स्तर पर विपणन की सुविधा देने का कार्य कर रहे हैं।

■ मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि महात्मा फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना कर जातिगत असामानता को दूर करने, सत्य की खोज व मानवता की सेवा का संदेश दिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों के साथ संवाद किया। समारोह में सांसद डॉ. मंजू शर्मा, विधायक कैलाश वर्मा, उप महापौर पुनीत कर्णावट, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी सहित, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती के अवसर पर सहकार मार्ग स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# अमेरिका को चीन का करारा जवाब

बीजिंग, 11 अप्रैल। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध हर गुजरते दिन के साथ और तेज होता जा रहा है। इस क्रम में चीन ने एक कदम और आगे बढ़ते हुये अमेरिका से आयातित सामानों पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है।

■ अमेरिका के 145 प्रतिशत टैरिफ के जवाब में चीन ने अमेरिकी सामान पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है।

अमेरिका ने चीन पर कुल 145 प्रतिशत टैरिफ लगाया था और अब चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिका से आयातित उत्पादों पर 125 प्रतिशत कर लगा दिया है, जो शनिवार से लागू होगा।

गौरतलब है कि इससे पहले बुधवार को चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर 84 फीसदी आयात कर लगाने की घोषणा की थी।

पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने चीन पर अतिरिक्त 34 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी। यह शुल्क नौ अप्रैल से लागू होना था, लेकिन उससे कुछ घंटे पहले ट्रम्प ने आयात कर में 50 प्रतिशत की और वृद्धि करने की घोषणा कर दी।

इसके जवाब में, चीन ने बुधवार को अमेरिकी वस्तुओं पर आयात कर 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 84 फीसदी कर दिया।

# प्र.मंत्री मोदी एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुँचे, गैंग रेप पर रोष जताया

## एयरपोर्ट पर उतरते ही मोदी ने पुलिस अफसरों से मीटिंग की और गैंग रेप के आरोपियों पर सख्त कार्यवाही का आदेश दिया

वाराणसी, 11 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरते ही, प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी के पुलिस आयुक्त, मंडल आयुक्त और जिलाधिकारी से कुछ दिन पूर्व शहर में घटी एक बलात्कार की घटना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। पीएम मोदी ने अधिकारियों से कहा कि सभी दोषियों को चिह्नित करते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी में बलात्कार की घटना का संज्ञान लिया है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एयरपोर्ट पर उतरते ही मंडलायुक्त, पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी से प्रधानमंत्री ने घटना के संबंध में बात की। अधिकारियों से पीएम ने कहा कि इस जघन्य अपराध में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बता दें कि बीते दिनों वाराणसी में 19 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया था। पुलिस ने पीड़िता को 4 अप्रैल को बेहोशी की हालत में पाया था। इस मामले में कुल 23 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने 12 नामजद सहित, 11 अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में अबतक 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपियों के खिलाफ लालपुर पांडेयपुर थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाया गया और कई दिनों तक उसके साथ बलात्कार किया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि सात दिनों के दौरान 23 लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया।

■ प्रधानमंत्री ने कहा, इस जघन्य कृत्य में शामिल आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## 'राणा का "एक्स्ट्राडिशन"'

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तहव्वुर राणा को फांसी देकर भाजपा वहाँ के चुनावों में राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करेगी।

जहाँ, उन्होंने प्रत्यर्पण का स्वागत किया, वहीं, यह भी कहा कि इस मामले में भाजपा का तरीका सही नहीं था और यह कि उन्हें पूरा विश्वास है कि पार्टी इस मामले में राजनीति कर रही है। दूसरी तरफ, कांग्रेस ने राणा के प्रत्यर्पण का श्रेय लेने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्यर्पण मनमोहन सिंह की सरकार के डेढ़ दशक के अथक कानूनी और खुफिया प्रयासों का परिणाम है। पूर्ववर्ती यू.पी.ए. सरकार ने ये प्रयास शुरु किये थे और अमेरिका के साथ सतत तालमेल कर इन्हें जीवित बनाए रखा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम् ने गुरुवार को इन प्रयासों की सिलसिलेवार जानकारी दी और कहा, "वर्तमान भाजपा सरकार को यू.पी.ए. सरकार के समय हुए कूटनीतिक प्रयासों का लाभ मिला है।"

## भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने के लिये यह उनकी पूर्व शर्त थी।

अमित शाह ने कहा, "तमिलनाडु में "नैशनल डेमोक्रेटिक अलायंस" (एनडीए) के नेता इडापल्ली पलानीस्वामी होंगे।" एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, "(गठबंधन को पुनर्जीवित करने के लिये) अन्नाद्रमुक ने कोई माँग या शर्त नहीं रखी थी।"

निष्कासित अन्नाद्रमुक नेता, ओ पन्नीरसेल्वम तथा अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम के महासचिव टीटीवी दिनकरन के अन्नाद्रमुक में पुनः प्रवेश के बारे में पूछे जाने पर, केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वे अन्नाद्रमुक के आंतरिक मामले में कुछ नहीं कहेंगे।

इससे पूर्व, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म "एक्स" पोस्ट कर दिया था, "तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष पद के लिये पार्टी को केवल नैनार का ही नामांकन पत्र प्राप्त हुआ है।

इस अवसर पर, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निवर्तमान राज्य भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई की भरपूर सराहना की। वे प्रेस कॉन्फ्रैंस में शाह के बगल में ही बैठे थे। उनकी प्रशंसा करते हुये, अमित शाह ने कहा, "तमिलनाडु भाजपा इकाई के अध्यक्ष रहते हुये, के अन्नामलाई जी ने प्रशंसनीय कार्य किया है। चाहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों को जनता तक ले जाने का काम रहा हो या पार्टी के कार्यक्रमों/योजनाओं को गाँव-गाँव ले जाने का दायित्व रहा हो, अन्नामलाई जी का योगदान अभूतपूर्व रहा है। भाजपा अन्नामलाई जी के संगठनात्मक कौशल का उपयोग पार्टी के राष्ट्रीय ढाँचे में करेगी।"

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने पार्टी के प्रांतीय मुख्यालय, "कमलालयम" में घोषणा की कि "भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये, हमें नागेन्द्रन नैनार का नामांकन पत्र मिला है। उनके नाम के प्रस्तावक के अन्नामलाई, एल. मुरुगन, पॉन., राधाकृष्णन, एच.राजा, बनाती श्रीनिवासन, वी.पी. दुरैसामी, कनगासबापति, पॉन.वी. बलागनापति, के.पी. रामलिंगम तथा नारायण तिरुपति हैं।"

नागेन्द्रन सबसे पहले 2001 में अन्नाद्रमुक उम्मीदवार के रूप में तिरुनेलवेली सीट से तमिलनाडु विधानसभा के लिये चुने गये थे। पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक सरकार के शासनकाल (2001-06) में, वे मंत्री बनाये गये थे तथा उनके पास परिवहन, उद्योग तथा बिजली विभाग थे।

2016 में जयललिता के निधन के कुछ महीने बाद, नागेन्द्रन भाजपा में शामिल हो गये थे। वे 2021 में वे उसी सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में पुनः चुने गये तथा तमिलनाडु विधानसभा में भाजपा विधायक दल के नेता नियुक्त किये गये।

# अहमदाबाद में आग, बॉलकनी से लटक कर लोगों ने जान बचाई

अहमदाबाद, 11 अप्रैल। गुजरात के अहमदाबाद के एक अपार्टमेंट में शुक्रवार शाम अचानक भीषण आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने अपार्टमेंट के बड़े इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान, वहां फंसे लोगों ने जान हथेली पर रखकर किसी तरह खुद को और बच्चों को बचाया।

■ खोखर सर्किल पर परिस्कर-1 अपार्टमैंट में लगी आग में दमकल विभाग ने 20 लोगों को रैस्क्यू किया।

सूचना पाकर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गईं। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। घटना अहमदाबाद के खोखर सर्किल स्थित परिस्कर-1 अपार्टमेंट की है।

इस घटना की तस्वीरें भी सामने आयी है। इसमें दिख रहा है कि कैसे लोग खुद की और अपने बच्चों की जान बचा रहे हैं। तस्वीरें विचलित कर सकती हैं। आग लगते ही जान बचाने के लिए लोग कूदने लगे। उन्होंने खिड़कियों से लटककर अपनी जान बचाई।

सोसायटी के चेयरमैन ने बताया कि आग की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में 20 लोगों को रेस्क्यू किया गया था। आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

# तमिलनाडु के मंत्री ने हिंदू प्रतीकों व महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की

## द्रमुक नेतृत्व ने उक्त मंत्री पोनमुडी को पार्टी महासचिव पद से हटा दिया है

चेन्नई, 11 अप्रैल। तमिलनाडु के वन मंत्री और सीनियर डीएमके नेता के पोनमुडी की विवादित टिप्पणी पर पार्टी ने उन के खिलाफ एक्शन लिया है। एक सार्वजनिक समारोह में उन्होंने हिंदू धार्मिक पहचान को लेकर महिलाओं से जुड़ा आपत्तिजनक बयान दिया, जिसके बाद डीएमके ने उन्हें उपमहासचिव पद से हटा दिया है। पोनमुडी ने हिंदू तिलक पर कमेंट किया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनके बयान पर पार्टी सांसद कनिमोझी ने भी ऐतराज जताया।

डीएमके सांसद कनिमोझी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, "मंत्री के पोनमुडी का हालिया भाषण स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इस अपमानजनक भाषण की निंदा की जानी चाहिए।" पोनमुडी ने अपने बयान में हिंदू धार्मिक प्रतीकों शैव और वैष्णव को आपत्तिजनक संदर्भों से जोड़ा था। हालांकि उन्हें अभी तक मंत्री पद से बर्खास्त नहीं किया गया है।

■ पोनमुडी ने हिंदू तिलक पर और महिलाओं पर जो अश्लील टिप्पणी की है, उस पर पार्टी सांसद कनिमोई ने भी नाराज़गी जताई।

बीजेपी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने इस मुद्दे को लेकर सीएम स्टालिन पर निशाना साधा। अमित मालवीय ने कहा, "चाहे वह डीएमके हो, कांग्रेस हो, टीएमसी हो या आरजेडी हो, इंडिया गठबंधन के सदस्य विचारधारा से नहीं, बल्कि हिंदू मान्यताओं का अपमान करने के लिए एकजुट दिखते हैं।"

तमिलनाडु बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई ने मंत्री पोनमुडी की विवादास्पद टिप्पणी को डीएमके की राजनीति का मानक बताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट लिखा, "केवल यह मंत्री ही नहीं, डीएमके का पूरा तंत्र अश्लील, अपशब्द बोलने वाला और असभ्य है। मुख्यमंत्री को इस तरह के लोगों का नेतृत्व करने पर शर्म से अपना सिर झुकाना चाहिए।"

# 'एक साल पहले जोर शोर से शुरु की गई रोजगार प्रोत्साहन योजना कहाँ गायब हो गई'

नयी दिल्ली, 11 अप्रैल। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया है कि उन्होंने करीब एक साल पहले रोजगार से जुड़ी योजना की शुरुआत बड़े धूमधाम से की थी लेकिन उसके परिणाम धरातल पर कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित इस योजना के लिए बड़ी राशि का ऐलान कर इसके लिए धन भी आवंटित किया गया, लेकिन इस राशि को वापस कर दिया गया है और इस तरह प्रधानमंत्री की यह योजना भी जुमला बनकर रह गई है। गांधी ने कहा, 2024 के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे युवाओं को रोजगार देने का वादा करते हुए बहुत धूमधाम से रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की घोषणा की। यह घोषणा किए हुए लगभग एक साल हो गया है, सरकार ने इसे परिभाषित भी नहीं किया है और इसके लिए आवंटित 10,000 करोड़ रुपये वापस कर दिए हैं। इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री बेरोजगारी को लेकर कितने गंभीर हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मेरे इन विचारों से मोदी सहमत नहीं होंगे लेकिन यह पक्का है कि केवल बड़े कॉरपोरेट्स पर ध्यान केंद्रित करके, निष्पक्ष व्यवसायों की तुलना में कुछ पूंजीपतियों को बढ़ावा देकर, उत्पादन की तुलना में जोड़तोड़ के निर्माण को प्राथमिकता देकर और भारत के स्वदेशी कौशल की उपेक्षा करके नौकरियां पैदा नहीं की जा सकती। गांधी ने सवाल करते हुए कहा, प्रधानमंत्री जी, आपने बहुत दिखावे के साथ ईएलआई की घोषणा की - लेकिन यह 10,000 करोड़ की योजना कहाँ गायब हो गई। भारत को जिन करोड़ों नौकरियों की सख्त जरूरत है, उन्हें पैदा करने के लिए आपकी ठोस योजना क्या है या यह सिर्फ एक और जुमला है।

■ राहुल गांधी ने कहा, इस योजना के तहत आवंटित पैसा लौटा दिया गया है, यह भी जुमला बन कर रह गई है

## राहुल गांधी को दूसरे ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चौबंद इंतजाम किए गए हैं। जानकारी के अनुसार राहुल गांधी के साथ कुछ विदेशी और देश के करीबी मेहमान भी हैं, जो उनके साथ टाइगर सफारी का लुत्फ ले रहे हैं। राहुल गांधी बुधवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद अहमदाबाद से फ्लाइट द्वारा जयपुर पहुंचे थे और वहां से सड़क मार्ग से रात करीब 10 बजे सवाई माधोपुर पहुंचे थे।

जानकारी ने अनुसार, राहुल गांधी की 13 अप्रैल तक रणथंभौर सफारी की बुकिंग बताई जा रही है। गाँधी परिवार का रणथंभौर से गहरा नाता रहा है। गांधी परिवार के सदस्य निजी यात्रा पर रणथंभौर आते रहते हैं।

## पुलिस ने लाठी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के युवा को सरकार में लेशमात्र का भी विश्वास नहीं है। संविधान बदलने का षडयंत्र रचने के लिए जनता के लोकसभा चुनाव में उचित जवाब दिया था, वैसे ही बिहार का युवा भी तैयार है। उनसे जो वादे किए गए थे वे पूरे नहीं हुए। समय आ गया है इस विश्वासघात के लिए जिम्मेदारी तय की जाए।"

# हिमाचल प्रदेश में वर्षा, ओलावृष्टि व हिमपात

शिमला/कुल्लू, 11 अप्रैल। हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी दर्ज की गई, जबकि अन्य कई क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है।

गुरुवार को जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की चोटियों में ताजा हिमपात हुआ है, जबकि जिला मुख्यालय केलांग सहित पूरी घाटी में बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया है। इसके अलावा, कुल्लू जिला की उझी घाटी के साथ पार्वती और सैंज घाटी में भी जमकर बारिश और ओलावृष्टि भी हुई है। इससे फसलों को नुकसान हुआ है।

■ शिमला के आसपास शाम को भारी वर्षा व ओलावृष्टि हुई।

वहीं, शिमला जिले के कुछ भागों में भी बारिश व ओलावृष्टि हुई है। सिरमौर जिले के रोनहाट क्षेत्र में भी ओलावृष्टि हुई है। शिमला शहर व आसपास के भागों में भी देर शाम भारी बारिश-ओलावृष्टि के साथ अधंड़ चला।

मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के अनुसार, अगले 12 घंटों में चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, मंडी, शिमला, सिरमौर जिलों में कहीं-कहीं बिजली चमकने के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है। चंबा, कांगड़ा व कुल्लू में अंधड़ चलने का ऑरेंज अलर्ट है।

## 'सेवारत शिक्षकों को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

याचिका में कहा गया कि विश्वविद्यालय ने द्वितीय वर्ष की परीक्षा 16 अप्रैल से लेना तय किया। जब याचिकाकर्ताओं ने इसके लिए आवेदन किया विवि ने उनके सेवारत होने का हवाला देकर आवेदन स्वीकार नहीं किए। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि कार्मिक विभाग के परिपत्र के अनुसार कोई भी सरकारी कर्मचारी सेवा में रहते हुए अपनी ड्यूटी के बाद कक्षाओं में शामिल होकर पाठ्यक्रम कर सकता है। वहीं गोविंद गुरु ट्राइबल विश्वविद्यालय के नियमों के तहत भी सेवारत कर्मचारी विधि स्नातक की डिग्री ले सकता है। इसके अलावा हर व्यक्ति का उच्च शिक्षा लेने का मूल अधिकार है और याचिकाकर्ताओं ने नियमानुसार विभाग से अनुमति लेकर ही पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया था और प्रथम वर्ष पास किया था। ऐसे में अब उन्हें परीक्षा में शामिल होने से वंचित नहीं किया जा सकता। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं को द्वितीय साल की परीक्षा में शामिल करने के आदेश देते हुए विवि प्रशासन से जवाब तलब किया है।

# बांग्लादेश में दिसम्बर तक आम चुनाव हो सकते हैं

## बांग्लादेश चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूचियों पर काम चल रहा है

ढाका, 11 अप्रैल। बंगलादेश का चुनाव आयोग देश में आम चुनाव दिसंबर तक कराने की तैयारी कर रहा है। आयोग के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि चुनाव का कार्यक्रम सरकार की सहमति के साथ तय किया जाएगा। यह जानकारी आयोग के एक आला अधिकारी ने दी है।

बंगलादेश मीडिया की रिपोर्टों में चुनाव आयुक्त मोहम्मद अनवारुल इस्लाम सरकार के हवाले से कहा गया है कि आयोग दिसंबर में आम चुनाव कराने का विचार कर रहा है। इसके लिए मतदाता सूचियों को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है।

रिपोर्टों में कहा गया है कि सरकार ने नरसिंगडी में उपायुक्त-कार्यालय में मतदाता सूची अद्यतन करने के संबंध में आयोजित एक कार्यक्रम में पिछले दिनों कहा, चुनाव के लिए हमारी तैयारियों के तहत मतदाता सूची को अद्यतन करने का काम पूरा होने ? वाला है।

■ अभी यह पता नहीं है कि क्या शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को चुनाव में उतरने की अनुमति दी जाएगी या नहीं।

बिजनेस स्टैंडर्ड बंगलादेश के अनुसार, चुनाव आयुक्त ने कहा, चुनाव आयोग की जिम्मेदारी स्थानीय, संसदीय और राष्ट्रपति पद के चुनाव आयोजित करना है।

चुनाव आयुक्त ने अपनी टिप्पणियों की व्याख्या करते हुए कहा, राष्ट्रीय संसद का चुनाव कराना अनिवार्य रूप से हमारी प्राथमिकता है। यदि राजनीतिक सहमति बनती है और सरकार को भी लगता है कि वह स्थानीय सरकारों के चुनाव कराने के लिए भी पूरी तरह तैयार है, तो सरकार चुनाव आयोग से अनुरोध कर सकती है।

राष्ट्रीय चुनाव कराना बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और उनके राजनीतिक सहयोगियों के बीच लंबे समय से एक मुद्दा बना हुआ है। सभी ने मांग की है कि अंतरिम सरकार द्वारा बिना किसी देरी के एक स्पष्ट रोडमैप जारी किया जाए, ताकि चुनाव कराए जा सकें।

यूनुस और उनकी सेना समर्थित अंतरिम सरकार पर सभी तरफ से जानबूझकर चुनाव कराने के मुद्दे को टालने का आरोप लगाये जा रहे हैं।

इस सवाल के जवाब में, कि क्या अवामी लीग आगामी चुनावों में भाग लेगी और क्या नाव के चुनाव चिह्न का इस्तेमाल किया जाएगा, चुनाव आयुक्त ने कहा कि यह पूरी तरह से एक राजनीतिक निर्णय है। उन्होंने कहा, अभी यह कहने का समय नहीं है कि मतपत्रों पर कोई प्रतीक मौजूद होगा या नहीं। समय ही बताएगा कि कौन से उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे और कौन से प्रतीक मतपत्रों पर दिखाई देंगे।

अंतरिम सरकार के राजनीतिक सहयोगियों, जैसे कि बीएनपी, एनसीपी और बीजेआई, ने अवामी लीग की भागीदारी का कड़ा विरोध किया है और पार्टी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली पार्टी अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के बढ़ते हमलों और अपने सदस्यों के खिलाफ हिंसा के निशाने पर रही है। हसीना ने पिछले साल अगस्त में सत्ता से बेदखल होने के बाद देश छोड़कर भारत में शरण ली थी। पिछले साल सरकार भंग होने के बाद इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा आवामी लीग पार्टी के सदस्यों की पिटाई की गई और यहां तक कि कई कार्यकर्ताओं की हत्या भी कर दी गयी।

## आत्महत्या के लिए ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रदर्शन कर देश का नाम रौशन कर रही हैं। ऐसे में यह विडम्बना है कि एक स्त्री, जिसके वश में मनचाही संतान पैदा करना नहीं है, को लड़की पैदा करने के लिए दोषी ठहराया जाता है और प्रताड़ित किया जाता है। इस प्रकरण में विवाहिता से इस हद तक क्रूरता की गई कि उसे अपनी चार साल की बेटी को फंदे पर लटकाने के बाद स्वयं के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं मिला। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक नरेश गजराज ने अदालत को बताया कि अभियुक्त और सुनीता का दूसरा विवाह आटा-साटा प्रथा से साल 2018 में हुआ था। शादी के बाद दो पुत्रियों को जन्म देने और पुत्र को जन्म नहीं देने पर सुनीता को ससुराल वाले आए दिन प्रताड़ित करते थे। इस दौरान, मारपीट करने पर सुनीता ने पुलिस थाने में भी शिकायत दी थी। मार्च 2020 में दूसरी पुत्री के जन्म देने की सूचना मिलने पर उसके ससुराल पक्ष के लोग सुनीता को अस्पताल में ही छोड़कर आ गए थे। इस पर उसने अस्पताल वालों से मिलकर महिला थाने में शिकायत की थी। पुलिस की समझाइश के बाद ससुराल वाले सुनीता को लेकर गए थे। विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि आए दिन की प्रताड़ना से तंग आकर 4 जुलाई, 2023 को सुनीता ने पहले अपनी चार साल की बेटी को फांसी पर लटकाया और बाद में खुद ने भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर मृतका के पिता की ओर से दर्ज रिपोर्ट पर पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। अभियुक्त ने अपने बचाव में कहा कि उसकी बहन की शादी उसके साले से आटे-साटे में हुई थी। शादी के बाद उसकी बहन ससुराल छोड़कर पीहर में रहने लगी थी। ऐसे में उसका साला मृतका पर अपनी पत्नी को भिजवाने का दबाव डालता था। इससे परेशान होकर उसने आत्महत्या की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

## ए.आई.सी.सी. डैलीगेट्स ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उसका कायाकल्प करने का यही एकमात्र उपाय या कदम नहीं हो सकता, लेकिन इस समय तक हमें राहुल के तोपखाने में यही एक तोप दिखाई - सुनाई दी है।

कुल मिलाकर, एआईसीसी में राहुल गांधी के महान नेतृत्व की प्रशस्ति के बेसुरे स्वर ही सुनाई दे रहे थे, जो किसी भी एआईसीसी सत्र की एक स्थायी एवं अटल प्रवृत्ति बन चुकी है।

यह स्पष्ट नहीं है कि इसे एआईसीसी अधिवेशन क्यों कहा गया, जबकि यह संभवतः नरेन्द्र मोदी तथा अमित शाह को यह संदेश प्रेषित करने का आयोजन था कि कांग्रेस 2027 में भाजपा को सत्ता से उखाड़ फैंककर, गुजरात की सत्ता हासिल करने के लिये गंभीर कोशिश करने का मानस बना रही है। पार्टी के सामने मुख्य समस्या यह है कि पार्टी में राहुल गांधी की निकटस्थ छोटी-सी मंडली, जिसका नेतृत्व के.सी. वेणुगोपाल कर रहे हैं, की ही चल रही है। यह मंडली पार्टी में अपना शासन स्थायी रूप से कायम रखने के हित में, तथा अन्य बहुत से नेताओं को इस घेरे से दूर रखने के सम्बंध में निर्णय लेती रहती है।

इस संदर्भ में, पंजाब के एआईसीसी प्रभारी आलोक शर्मा का उदाहरण देना उचित होगा। बताया जाता है कि वे नेतृत्व के नोटिस में यह बात लाये कि पीसीसी अध्यक्ष राजा वड़िंग सक्रिय नहीं हैं तथा पूरी पंजाब इकाई उनके खिलाफ है। इसका परिणाम यह हुआ कि आलोक शर्मा को पंजाब प्रभारी के पद से हटा दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि यह के.सी. वेणुगोपाल और खड़गे के आदेश पर किया गया है तथा राहुल गांधी रणथम्भौर में हैं। उन लोगों के खिलाफ निर्णय लिये जा रहे हैं, जो पार्टी के हित के मुद्दे उठा रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी वेणुगोपाल पर आँख मूंद कर भरोसा करते हैं।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908